


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



हटाना चाहते हैं आंखों से चश्मा, इन 10 उपायों ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 14 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 82 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## राहुल के बयान पर जबरदस्त हंगामा, लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित

नई दिल्ली। विदेश में राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान को लेकर आज संसद के दोनों सदनों में जबरदस्त हंगामा हुआ। भाजपा राहुल गांधी से लगातार माफी की मांग करती रही। आपको बताने के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हुआ था। जैसे ही दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई, वैसे ही राहुल गांधी के बयान को लेकर हंगामा देखने को मिला। जिसके बाद सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा ब्रिटेन में की गई एक टिप्पणी, अडाणी समूह से जुड़े मामले पर जेपीसी गठित करने की मांग और कुछ अन्य विषयों को लेकर लोकसभा में हंगामा होने के कारण सोमवार को सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न करीब दो बजकर 10 मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

वहीं, लोकतंत्र के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष का हंगामा देखने को मिला। कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर करीब 15 मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित हो गई। बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर दिवंगत पूर्व सदस्य नरेन्द्र प्रधान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके तुरंत बाद सदन के नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि विपक्ष के एक नेता ने विदेशी धरती से "शर्मनाक तरीके" से भारत के लोकतंत्र के बारे में "अनाप–शनाप" बातें की हैं। गोयल ने कहा कि इसके लिए विपक्षी नेता को सदन में आकर देश से माफी मांगनी चाहिए।



गोयल ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में तब था जब प्रधानमंत्री को यह कहने के लिए मजबूर किया जाता है कि मैं भ्रष्टाचार नहीं रोक सकता क्योंकि यह गठबंधन सरकार है। सदन के नेता की इस टिप्पणी का कांग्रेस सहित कुछ अन्य विपक्षी दलों ने प्रतिकार करते हुए हंगामा किया। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने इस बात पर आपत्ति जताई और कहा कि जो नेता राज्यसभा के सदस्य नहीं हैं, उनके बारे में नेता सदन ने यहां टीका–टिप्पणी की और उन्हें सदन में बुलाने की बात कर रहे हैं।

लोकसभा में भी हंगामा देखने को मिला। भाजपा सांसद अपने स्थान से ही 'राहुल गांधी माफी मांगो' के नारे लगाए। रक्षा मंत्री एवं सदन के उपनेता राजनाथ सिंह ने कहा, " राहुल गांधी, जो इस सदन के सदस्य हैं, ने लंदन में जाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश की है।" उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कहा है कि भारत में लोकतंत्र पूरी तरह से तहस नहस हो गया है और विदेशी ताकतों को आकर लोकतंत्र को बचाना चाहिए।

## योगी के नेतृत्व में हिंदुस्तान का सबसे सुखी व समृद्ध प्रदेश बनेगा यूपी : नितिन गडकरी

### रोड कनेक्टिविटी की 18 परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण समारोह में बोले केंद्रीय सड़क, परिवहन मंत्री

गोरखपुर। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था का आदर्श स्थापित किया है। उत्तर प्रदेश की बदली तस्वीर और यहां बड़े पैमाने पर हो रहे निवेश से यह स्पष्ट है कि योगी जी के नेतृत्व में यूपी हिंदुस्तान का सबसे सुखी, समृद्ध व सम्पन्न प्रदेश बनेगा। श्री गडकरी सोमवार को गोरखपुर में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की 18 परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यूपी की सड़कों को अमेरिका जैसी बनाने की अपनी पूर्व बात को याद करते हुए कहा कि 2014 के बाद उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई दोगुनी बढ़ गई है। वर्ष 2024 के समाप्त होने तक उत्तर प्रदेश में पांच लाख करोड़ रुपये के रोड पर काम किया जाएगा। केंद्रीय सड़क, परिवहन मंत्री ने उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग की पूर्ण, निर्माणाधीन और प्रस्तावित परियोजनाओं की सिलसिलेवार विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी जी–योगी जी के नेतृत्व में यूपी की सड़कें जैसी होंगी और अच्छी सड़कों से उत्तर प्रदेश भी अमेरिका जैसा समृद्ध बनेगा। उन्होंने कहा कि बाबा गोरक्षनाथ जी की इस पावन भूमि पर लोकार्पित और शिलान्यास हो रही इन परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। नए रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण से उत्तर प्रदेश के समग्र विकास के लिए हम कटिबद्ध हैं।



## बीएस येदियुरप्पा बोले: भाजपा के पक्ष में जनता, पूर्ण बहुमत से बनाएंगे सरकार

बंगलुरु। कर्नाटक में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत वहां झोंक दी है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं और कई योजनाओं और कार्यक्रमों का लोकार्पण तथा शिलान्यास कर रहे हैं। कर्नाटक में इस वक्त भाजपा की सरकार है। भाजपा ने पिछले ही साल पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की जगह बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया है। हालांकि, येदियुरप्पा को भी खूब महत्व दिया जा रहा है। इन सबके बीच बीएस येदियुरप्पा ने साफ तौर पर कहा है कि भाजपा कर्नाटक में पूर्ण बहुमत प्राप्त करेगी और एक बार फिर से सरकार बनाएगी। बीजेपी नेता और कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा ने नरेंद्र मोदी को लेकर पूछे गए सवाल पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को मुझ पर भरोसा है और मुझे उन पर भरोसा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मोदी जी फिर से पीएम बनें, यह सुनिश्चित करने के लिए हम कर्नाटक विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटें जीतने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। बीएस येदियुरप्पा ने यह बात भी कही कि जनता की प्रतिक्रिया भाजपा के पक्ष में है। हम पूर्ण बहुमत प्राप्त करेंगे और कर्नाटक में सरकार बनाएंगे। इसके अलावा भाजपा नेता ने राहुल गांधी के बयान पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है। किसी को उम्मीद नहीं थी कि राहुल गांधी अन्य देशों, खासकर लंदन की अपनी यात्रा के दौरान इस तरह की बातें करेंगे। कोई भी उनके बयानों की सराहना नहीं करेगा। हाल में राहुल गांधी विदेश दौरे पर गए थे। वहां उन्होंने भारत को लेकर कई बड़ी बातें कहीं। इतना ही नहीं, उन्होंने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। इसी कड़ी में उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि संसद में उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। इसी को लेकर भाजपा की ओर से पलटवार किया जा रहा है।




### क्राउड फंडिंग के दुरुपयोग का मामला

## टीएमसी प्रवक्ता साकेत गोखले की जमानत याचिका पर एससी ने गुजरात पुलिस को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता साकेत गोखले द्वारा गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर गुजरात पुलिस को नोटिस जारी किया, जिसमें क्राउडफंडिंग के माध्यम से एकत्रित धन की कथित हेराफेरी से संबंधित मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विक्रम नाथ की पीठ ने याचिका पर दो सप्ताह के भीतर वापसी योग्य नोटिस जारी किया। गोखले की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म श्हमारा लोकतंत्रश के माध्यम से 1,700 से अधिक व्यक्तियों से 72 लाख रुपये से अधिक एकत्र किए और उस पैसे का इस्तेमाल निजी इस्तेमाल के लिए किया और इस तरह, धन का दुरुपयोग किया। गोखले को जमानत देने से इनकार करते हुए, न्यायमूर्ति की उच्च न्यायालय की खंडपीठ समीर जे. दवे ने पाया कि प्रथम दृष्टया यह मामला है कि कल्याण के नाम पर एकत्र की गई राशि का उपयोग अभियुक्तों द्वारा अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया था। गोखले ने दावा किया कि उन्हें 6 दिसंबर, 2022 को गुजरात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जब उन्होंने ट्वीट किया था कि प्रधानमंत्री के मोरबी पुल दुर्घटनास्थल पर जाने से सरकारी खजाने को रुपये की राशि का नुकसान हुआ है। 30 करोड़। उन्होंने आरोप लगाया कि यह षराजनीतिक प्रतिशोधष का मामला है।



## विधायकों और मंत्रियों की हुई बल्ले–बल्ले, वेतन में हुआ बड़ा इजाफा, अब इतनी मिलेगी सैलरी

नई दिल्ली दिल्ली में विधायकों और मंत्रियों की सैलरी में जबरदस्त बढ़ोतरी की गई है। अब दिल्ली के विधायकों को हर महीने 90000 रुपये के तनख्वाह मिलेंगे। पहले उन्हें 54000 रुपये मिलते थे। मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों की बात करें तो उनकी भी सैलरी में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री को अब 1. 70 लाख रुपए प्रति महीने मिलेंगे। इसका मतलब साफ है कि मुख्यमंत्री और मंत्रियों के वेतन में 136% की बढ़ोतरी की गई है। पहले मुख्यमंत्री, मंत्री और स्पीकर तथा विपक्ष के नेता को 72000 रुपये मिलते थे। दिल्ली में 12 सालों के बाद विधायकों और मंत्रियों की सैलरी बढ़ी है। 14 फरवरी 2023 से विधायकों को 90000 रुपये की सैलरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री, मंत्री, स्पीकर और विपक्ष के नेता को मिलने वाली सैलरी में से 70000 रुपये उन्हें पहले ही मिल जाएंगी। 4 जुलाई 2022 को स्कूल लेकर 5 प्रस्ताव पारित किए गए थे। विधायकों की बेसिक सैलरी में भी बढ़ोतरी हुई है। पहले यह 12000 रुपये थे लेकिन आपके 30000 रुपये हो गए हैं। डीए को बढ़ाकर 1000 के जगह 1500 रुपये कर दिया गया है। नए प्रस्ताव के मुताबिक विधायकों को तमाम भत्तों समेत 90000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। विधायकों को 18000 रुपये निर्वाचन क्षेत्र भत्ता मिलता है जो अब 25000 रुपये हो गया है। वाहन भत्ता को 6000 से बढ़ाकर 10000 रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा तमाम सुविधाओं को लेकर भी उसकी राशि में वृद्धि की गई है। प्रस्ताव को पहले ही राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा गया था अब राष्ट्रपति से इसे मंजूरी मिल गई है। जिसके बाद यह दिल्ली में लागू हो रहा है। भारत में विधायकों की सैलरी की बात करें तो यह सबसे ज्यादा तेलंगाना में है। तेलंगाना में एक विधायक को हर महीने 2.5 लाख रुपए मिलते हैं।




## राहुल के बयान पर केंद्रीय मंत्रियों का पलटवार, लगाया भारत के लोकतंत्र और संसद के अपमान का आरोप

नई दिल्ली। हाल में राहुल गांधी विदेश दौरे पर गए थे। वहां उन्होंने भारत को लेकर कई बड़ी बातें कहीं। इतना ही नहीं, उन्होंने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। इसी कड़ी में उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि संसद में उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। इसी को लेकर भाजपा की ओर से पलटवार किया जा रहा है। मोदी सरकार के मंत्रियों ने भी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर निशाना साधा है। इतना ही नहीं, मोदी के मंत्रियों ने राहुल गांधी पर देश के लोकतंत्र और संसद के अपमान का भी आरोप लगा दिया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उन्होंने (राहुल गांधी) विदेशी जमीन पर भारतवासियों और सदन का अपमान किया है। भारत में वाक स्वतंत्रता है और संसद में सभी अपनी बात रखते हैं। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि उन्हें भारत के ऊपर इस प्रकार की टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें सदन में आकर माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि कोई व्यक्ति जब देश के बाहर प्रधानमंत्री को अपमानित करता है तो वो देश को अपमानित करता है। उन्होंने कहा कि जो लोकसभा में घंटों तक वक्तव्य दें और विदेश में जाकर कहें कि लोगों को बोलने नहीं दिया जाता, इस पर लोकसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करनी चाहिए। इसके साथ ही भाजपा नेता ने कहा कि जिस ढंग से लोकतंत्र और देश को अपमानित करते हैं, ये टुकड़े–टुकड़े गैंग की भाषा बोलते हैं।






## राज्य के विकास में महिलाओं का बड़ा योगदान, सीएम एकनाथ शिंदे बोले– विविध क्षेत्रों में बनाई अपनी एक अलग पहचान

नई दिल्ली। स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, प्रशासन ऐसे विविध क्षेत्रों में महिलाओं ने उत्कृष्ट कार्य कर राज्य के विकास में बड़ा योगदान देते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाई है, यह प्रतिपादन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया। विश्वास फाउंडेशन की ओर से आयोजित महिला सक्षमीकरण समारोह चाहडे (पालघर) संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के द्वारा उपस्थितो को संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक रवींद्र फाटक (वीडियो कॉन्फ्रेंस), पद्मश्री राहीबाई उपेरे, जिलाधिकारी गोविंद बोडके, जिला पुलिस अधीक्षक बाळासाहेब पाटिल, विश्वास फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विश्वास वळवी एवं वरिष्ठ अधिकारी व नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि भारत की स्वतंत्रता का यह इतिहास महिलाओं के पराक्रम एवं उनकी गाथा के बगेर पूरा नहीं हो सकता। राजमाता जिजाऊ, सावित्रीबाई फुले, रमाबाई रानडे ने समाज के अपना योगदान देते समय बहुत संघर्ष किया है। उनके संघर्ष से आज की पीढ़ी को प्रेरणा मिल रही है. उन्होने कहा कि आर्थिक, सामाजिक, राजकीय स्वावलंबन, क्षेत्र में महिलाओं के लिए कानून भी बनाएं जा रहे है और समावेशी आदर्श ऐसी महिला नीति भी राज्य सरकार की ओर से जल्द ही घोषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि लड़कियों के सक्षमीकरण के लिए लेक लाडकी योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पिले और केशरी रंग के कार्डधारक लड़कियों को इस योजना का लाभ होगा। लड़की का जन्म होने के बाद 5 हजार रुपये, पहली कक्षा में प्रवेश लेने के बाद 4 हजार रुपये, कक्षा छठवीं में 6 हजार रुपये, 11 वीं कक्षा में प्रवेश लेने के बाद 8 हजार रुपये और लड़की जब 18 साल की होगी, तब उसे 75 हजार रुपये निधि देने का निर्णय सरकार ने लिया है। उन्होंने कहा कि पहले नौकरी करनेवाली महिलाओं को 10 हजार रुपये व्यवसाय कर भरना पड़ता था। अब इस कर की व्याप्ति बढाकर 25 हजार रुपये की गई है. जिससे 25 हजार आय (उत्पन्न) रहनेवाली महिलाओं को व्यवसाय कर नहीं भरना पड़ेगा। इसके अलावा राज्य परिवहन महामंडल के बसेस में 50 फीसदी रियायत भी महिलाओं को दी गई है। महिला बचत गुटों के लिए ई – बिझनेस प्लॅटफॉर्म तैयार किया गया है और विशेष जलद गती न्यायालयों के सीटों की मंजूरी दी गई है। इसके लिए राज्य सरकार ने 65 करोड़ रुपये का प्रावधान किये जाने की बात मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दौरान कहीं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि 'माता सुरक्षित तो घर सुरक्षित' यह अभियान राज्यभर में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 4 करोड़ 50 लाख महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई है। 'महिला आयोग अपने द्वार' इस संकल्पना पर आधारित महिलाओं की समस्याओं का निराकरण करने के लिए 11 जिलों में जन सुनवाई पूरी की गई है। साथ ही राज्य में विविध जगहों पर हिरकणी कक्ष की स्थापना की गई है। ठाणे जिले में 60 हिरकणी कक्ष बनाएं गये है।



# लाभार्थी परिवारों से सीधे सम्पर्क में रहे महिला मोर्चा की पदाधिकारी: वानति श्रीनिवासन

## दो सत्रों में सम्पन्न हुई भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

अयोध्या। शाहनेवाजपुर स्थित द रामायना होटल में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक दो सत्रों में सम्पन्न हुई। प्रथम सत्र में मोर्चा की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने पदाधिकारियों को सम्बोधित किया। जिसके बाद राजनैतिक प्रस्ताव मोर्चा के प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने प्रस्तुत किया। जिसे ध्वनि मत से पास किया गया। दूसरे सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष वानति श्रीनिवासन, ने सम्बोधित किया। राजनैतिक प्रस्ताव व राजनीति में महिलाओं की स्थिति सुधारने पर चर्चा की गई।

कार्यसमिति को सम्बोधित करते हुए महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानति श्रीनिवासन ने कहा कि कार्यकताओं की संख्या से अधिक कार्यकताओं की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। अधिक से अधिक प्रबुद्ध वर्ग की महिलाओं को पार्टी के साथ जोड़ना होगा। भाजपा सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के लिए तीन तलाक समाप्त कर ऐतिहासिक कार्य किया। महिला मोर्चा की पदाधिकारी निकाय चुनाव तथा लोक सभा चुनाव के लिए तैयार रहे। घर –घर तथा दर–दर महिला मोर्चा की कार्यकर्ता पहुचें। लाभार्थियों के परिवारों से सीधे सम्पर्क में रहे । जिस तरह से महिला मोर्चा की कार्यकार्ताओं द्वारा पार्टी के कार्यक्रमों में बढ़–चढ़ अपनी भागीदारी की गई है। उसी प्रकार निकाय चुनाव व लोक सभा चुनाव में अपनी भागीदारी करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि हमने अपने संकल्पों को अवसर आने पर पूर्ण किया। 1951 में पार्टी ने कहा था कश्मीर से 370 हटाएंगे। भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न बनाएंगें। दोनों सकल्पों को भाजपा सरकारों ने पूर्ण किया। पालघर के अधिवेशन राम जन्म स्थान पर मंदिर बनाने का संकल्प लिया गया था। वह संकल्प भी आज पूर्ण हो रहा है। उन्होने बताया कि भाजपा में कार्यकर्ताओं तथा महिलाओं का सम्मान है 44 प्रतिशत प्रधान 43 प्रतिशत ब्लाक प्रमुख तथा 45 प्रतिशत जिला पंचायत अध्यक्ष महिलाएं है। पार्टी हित में अपना बेहतर योगदान प्रदान करने से ही कार्यकर्ता आगे बढ़ेगा। पूर्व में 17 नगर निगम में 14 जीते थे। इस बार नगर निकाय चुनाव में अधिक से अधिक सीटें जीतनी है। तथा बोर्ड में बहुमत लाना है। सभी कार्यकताओं को भाजपा को मजबूत बनाना है। जिन्हें चुनाव लड़ने का अवसर नही प्राप्त हुआ। उन्हे घर नही बैठना है जिसे अवसर मिला है उसे पूरा सहयोग करना है। लाभार्थियों से सम्पर्क अभियान तेज करना है। कार्य का बंटवारा कर के अधिक से अधिक लोगों से संपर्क पर ध्यान देना है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचार से जुड़े हुए लोगों का समूह हैं। भाजपा की यात्रा जनसंघ की स्थापना वर्ष 1951 से आरम्भ हुई इससे पूर्व संघ की स्थापना वर्ष से वैचारिक प्रारम्भ हुआ। देश व प्रदेश की सत्ता का संचालन वैचारिक लोगों के द्वारा किया जाय। राजनैतिक दल के रूप में लगे आरोपों की चिंता किए बिना लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहे। आज यह छठी पीढ़ी है। सभी की तपस्या का परिणाम है की आज भाजपा देश ही नही विश्व की सबसे बढ़ी पार्टी है। प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता घर–घर जाती है तथा परिवारों में सम्पर्क करती है। महिलाओं के साथ पूरे परिवार को जोड़ती है। महिलाओं को जब भी अवसर प्राप्त हुआ है तो समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका से योग्यता प्रमाणित किया है। पूर्व की सरकारों ने जो गंदगी प्रदेश में फैला रखी थी उसे समेट कर आज प्रदेश आगे बढ़ रहा है। इनवेस्टर सबमिट में प्रदेश में अधिकाधिक निवेश आना इसका प्रमाण है। आज प्रदेश में निवेशक अपने व्यापार लागाते है और यह सोचते है कि वे सुरक्षित है। महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है। आज प्रदेश की कमान सशक्त हाथों व विचारों में है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने किया। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अश्मिता चन्द्र ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का आरम्भ दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर तथा वंदे मातरम् के गान के साथ किया गया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, क्षेत्रीय अध्यक्ष व सभी जिलों व महानगरों की अध्यक्ष उपस्थित रहीं। कार्यक्रम स्थल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का महिला मोर्चा की कार्यकताओं द्वारा 51 किलो की माला पहना कर किया गया। पुष्प गुच्छ देकर महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक का स्वागत किया गया। प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय ने स्मृति चिन्ह देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा वनाथी श्रीनिवासन व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया।

मंच से हुई कार्यक्रम व्यवस्था की प्रशंसा –भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में व्यवस्था को लेकर प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता शाक्य प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय की तारीफ की । उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होने से पूर्व व्यवस्था को लेकर चिंता थी । परन्तु यहां पर सभी व्यवस्थाएं प्रशंसनीय रहीं। वहीं प्रदेश कार्यसमिति में शमिल होने के लिए रात से ही महिला मोर्चा की पदाधिकरियों अयोध्या पहुचंने लगी । बैठक में प्रदेश कार्यसमित, क्षेत्रीय अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष व महानगरों के अध्यक्ष ही आपेक्षित थी।

## नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में आवास योजना पूर्णतय: निशुल्क

दैनिक बुद्ध का सन्देश

**■ यदि कोई सुविधा शुल्क की मांग करें तो जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को अवगत कराएं**

बलरामपुर। तुलसीपुर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डी पी सिंह बैस ने बताया कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के निर्देशन में नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों को आवास निशुल्क दिए जाते हैं ऑनलाइन आवेदन के बाद जांच प्रक्रिया पूर्ण होकर जरूरतमंद के खाते में पैसा भेजा जाता है कुछ बिचौलिए द्वारा जरूरतमंदों से वसूली के प्रकरण प्रकाश में आए हैं आम जनमानस से अनुरोध है कि यदि ऐसा कोई करता है तो जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए हमारे व्हाट्सएप नंबर 94510 32222 पर सूचित करें।

## मुख्यमंत्री विवाह योजना में 180जोड़ो का विवाह सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर,बलरामपुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित







किया मुखामंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत समारोह आयोजित किया गया जिसमें सहामुहिक विवाह में आए हुऐ समस्त अतिथितयों का हार्दिक शुभकामनाएं एवम अ भिनंदन किया गया आयोजक अवनिंद कुमार पांडे खंड विकास अधिकारी गैसडी सहयोजक सुमित कुमार सिंह खंड अधिकारी तुलसीपुर अभिलाषी तुलसीपुर पचपेडवा जिला कृषि अधिकारी नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी महीपाल सिंह मुख विकाश अधिकारी संजीव कुमार मौर्य जिला अधिकारी डा महेंद्र कुमार जिलामहामंत्री भाजपा सामूहिक विवाह मुख अतिथि महोदय बशदेव कश्यप भाजपा जिला उपाध्यक्ष दयाराम प्रजापति बौद्ध हिन्दू मुस्लिम सभी की रीति रिवाजों से शादी संपन कराया गया इस कार्क्रम में पूर्व विधायक सैलेश कुमार सिंह शैलू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एन एस एस के सात दिवसीय शिविर का हुवा शुभारंम

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोंडा। स्वर्गीय दशरथ सिंह स्मारक महाविद्यालय



निपनिया के छात्र छात्राओं ने सात दिवसीय विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वधान में आरपीएस पब्लिक स्कूल काली बगिया गौरा चौकी में संचालित हुआ। शिविर का शुभारंभ कॉलेज के संरक्षक अरुण प्रताप सिंह उर्फ डिंपल भैया ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर वह माल्यार्पण करके शुभारंभ किया। तथा छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में अनेकों जानकारियां दी। श्री सिंह ने कहा कि शिविर से छात्र–छात्राओं में अनेकों प्रकार की जानकारियां मिलती हैं। ऐसे योजना से उत्साहवर्धन होता है। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार मिश्रा व कार्यक्रमाधिकारी डॉ रमेश कुमार एवं कालेज के प्रवक्ता डॉ सियाराम वर्मा, डॉ संग्राम सिंह, डॉ विनोद कुमार शुक्ला, डॉ के के गुप्ता, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ जवाहर लाल यादव, डॉ इमरान, डॉ सावित्री चौहान मौजूद रहकर विशेष शिविर में मौजूद रहे। थानाध्यक्ष खोड़ारे व चौकी प्रभारी गौरा चौकी सहित अनेकों पुरुष व महिला सिपाहियों की मौजूदगी में सड़क सुरक्षा अभियान रैली में निकालकर गीत एवं नारों के माध्यम से नियमों के बारे में लोगों को मार्गदर्शन व जानकारियां दी गई। जिसमें काव्या पाठक, कोमल यादव, राजकुमार, लता सिंह स्वयंसेवक आदि लोग मौजूद रहे।

# फिजियो क्लब को हरा कर स्माल क्लब रौनाही बनी विजेता

सोहावल–अयोध्या । क्षेत्र के रौनाही में चल रही हाजी जुबेर खान मेमोरियल कैनवस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में स्माल क्लब रौनाही ने फिजियो क्लब मासूम गंज को 5 विकेट से हराकर ट्राफी अपने नाम की। बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर के संयोजन एवं उनके छोटे भाई उबेद खान द्वारा आयोजित इस बहुचर्चित प्रतियोगिता का फाइनल मैच स्माल क्लब रौनाही एवं फिजियो क्लब मासूमगंज के बीच खेला गया निर्धारित 12 ओवरों के मैच में फिजियो क्लब मासूम गंज ने टास जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया और स्माल क्लब रौनाही के सामने 102 रन का लक्ष्य दिया जिसे स्माल रौनाही ने 2 ओवर का खेल शेष रहते ही 5 विकेट से इस प्रतियोगिता में जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए समाजवादी पार्टी की नेत्री व भोजपुरी अभिनेत्री काजल निषाद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जिन्होंने फीता काटकर फाइनल मैच का उद्घाटन किया ग्राउंड में काजल निषाद की उपस्थिति ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मोहम्मद दानिश फैजबादी को दिया गया। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच विशाल कुमार रहे स जिन्हें बेस्ट बॉलर का भी खिताब दिया गया। फाइनल मैच के विजेता रहे स्माल क्लब रौनाही टीम के कप्तान मोहम्मद दानिश को ध75000 नगद एवं उप विजेता रही टीम फिजियो क्लब मासूमगंज के कप्तान डॉ जयदीप गुप्ता को ध35000 नगद राशि एवं ट्राफी पुरस्कार स्वरूप दी गई। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, पूर्व ब्लाक प्रमुख फिरदोस खान, रौनाही ग्राम सभा के प्रधान खुर्शीद खान, मोहम्मद शोएब खान, क्षेत्र पंचायत सदस्य बाबुल सिंह, अशोक चौधरी, पूर्व प्रधान मेराज खान, शफीक अहमद उर्फ अल्लान, हाजी अख्तर, हाजी अफजाल, हाजी अतहर शुभम सिंह, डॉ राम सुमेर भारती, नईम खान, एसात खान, मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद आमिर खान, गाजी अनवर, असलम खान, मिर्जा बब्लू, मिर्जा इस्सन, इजहार खान, नफीस खान, रमजान इदरीसी, अनंतराम यादव, पूरन यादव आदि मौजूद रहे।

## प्राणी मात्र की सेवा करना ही परम् धर्म: कमल नयन दास

### -नेत्र चिकित्सा सेवा शिविर में 112 नेत्रों के मोतियाबिन्द का हुआ नि:शुल्क आपरेशन

अयोध्या। संत शिरोमणि अनन्त श्री परमहंस श्री राममंगल दास महराज की स्मृति में लगाये गये निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा शिविर में 112 नेत्रों के मोतियाबिन्द आपरेशन किये गये जबकि 309नेत्र रोगियों को रिफ्रेक्शन एवं अन्य नेत्र उपचार से लाभान्वित किया गया। श्रीमणिरामदास छावनी सेवा ट्रस्ट,अयोध्या,गोकुल भवन, अयोध्या एवं कल्याणं करोति लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में श्री दीनबन्धु नेत्र चिकित्सालय परिसर में आयोजित शिविर के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महन्त कमलनयन दास शास्त्री ने कहा कि सेवा ही भगवान की सच्ची पूजा है।बिना सेवा के कुछ भी नही मिलता है।

सेवा ही परम धर्म है। इस अवसर पर गोकुलभवन के महन्त परशुरामदास ने कहा कि सन्त का प्राकट्य हीजगत कल्याण के लिए होता है,संत राममंगल दास जी महराज दयावान ,परोपकारी व तपस्वी महापुरुष थे। समापन समारोह का शुभारम्भ रामजी शास्त्री द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से हुआ।संतशिरोमणि राम मंगलदास जी के चित्र पर सभी अतिथियों ने माल्यार्पण किया।समारोह का संचालन डा0 राजेश तिवारी ने किया। इस समारोह में आये अतिथियों का स्वागत कल्याणं करोति संस्था लखनऊ के महामंत्री राष्ट्र गौरव शर्मा ने उन्हें माला पहनाकर किया।

समारोह को दीपकृष्ण वर्मा,डा0 आर एस पाण्डेय,बड़ा भक्तमाल के महंत कौशलकिशोर दास,सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया।समापन समारोह मेंश्री दीनबन्धु नेत्र चिकित्सालय के प्रबन्धक देव नारायण मिश्र ने चिकित्सालय की स्थापना से लेकर अब तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए महन्त नृत्यगोपाल दास जी के प्रति आभार ज्ञापित किया और कहा कि महाराज जी की कृपा से ही लाखों नेत्र रोगियों को रोशनी प्रदान की जा रही है। संस्था के उमादत्त मिश्र ने आगन्तुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। समापन समारोह में चिकित्सालय के सभी नेत्र चिकित्सक,कर्मचारी व नेत्र रोगियों के साथ उनके तीमारदार भारी संख्या में मौजूद रहे। कल्याणं करोति के महामंत्री राष्ट्र गौरव शर्मा ने लोगों को धन्यवाद देते हुए बताया कि चिकित्सालय में 12 मार्च से 18 मार्च तक विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जायेगा।

# गांव की टंकी बनी शोपीस, पेयजल की समस्या से ग्रामीण परेशान

### –वर्ष 2012 में करोड़ों की लागत से हुआ था टंकी का निर्माण

मिल्कीपुर–अयोध्या । हैरिंगटनगंज विकास खंड क्षेत्र के हरदोईया गांव के ग्रामीणों को सरकार की ओर से पीने का पानी उपलब्ध करवाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल सका। ग्राम पंचायत के मजरों में पानी मुहैया कराने के उद्देश्य से वर्ष 2012 में पेयजल योजना के तहत ग्राम पंचायत हरदोईया के मजरे अटका में करोड़ों रुपए की राशि खर्च कर बोरिंग व टंकी का निर्माण करवाया गया था। जिसका उद्घाटन भी जन प्रतिनिधियों द्वारा किया था। उद्घाटन के बाद केवल एक से दो महीने ही पानी आपूर्ति की गई। उसके बाद आज तक लोगों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो पाया है। ग्रामीण मनोज कुमार, राजेश कुमार, परमात्मा, सुरेश कुमार, घनश्याम, राम अवतार, सहज राम, कृष्ण लाल, जमुना प्रसाद, महेश तिवारी, विपिन कुमार, तारावती, रामरती, दान बहादुर समेत दर्जनों ग्रामीणों का कहना है कि जिस समय पानी की टंकी अटका गांव में बनी थी, उस समय हम लोगों को आस लगी थी कि स्वच्छ पानी पीने को मिलेगा लेकिन आज तक स्वच्छ पानी नसीब नहीं हो सका। पानी की सप्लाई ना होने के संबंध में जब जल निगम विभाग के जेई राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गांव में 300 लोगों द्वारा कनेक्शन लिया गया है। और लोगों द्वारा कनेक्शन नहीं लिया जा रहा है, जिससे कर्मचारी गांव नहीं पहुंच रहे हैं ,पड़ाईन का पुरवा गांव की ओर जाने वाली मेन पाइप लाइन लीकेज होने के चलते सप्लाई नहीं दी जा रही है। ठीक करवाने के बाद सप्लाई दी जाएगी। प्रधान प्रतिनिधि अमर कुमार का कहना है कि ग्राम पंचायत के एक भी मजरे में पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है। जब शिकायत होती है तो विभाग के लोग आकर एक दो दिन किसी तरीके से पानी की सप्लाई कर फिर गायब हो जाते हैं। ग्राम पंचायत में 2 प्राथमिक विद्यालय व एक इंटर कॉलेज है ग्राम पंचायत की आबादी लगभग 6000 है। गर्मी के मौसम में लोगों को पानी पीने के लिए अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## व्यक्तित्व विकास का सबसे बड़ा माध्यम प्रशिक्षण

जौनपुर। नगर के मीरपुर इलाके में डॉक्टर अख्तर हसन रिजवी शिया डिग्री कॉलेज के माध्यम से चलाए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत जेसीआई क्लासिक द्वारा छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में निर्णय क्षमता के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी गई । मंडल प्रशिक्षिका ऋचा गुप्ता ने कहा प्रशिक्षण कार्यशाला व्यक्तित्व विकास का सबसे बड़ा माध्यम है। संस्था अध्यक्ष शिवम सिंह ने कहा इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान संस्था द्वारा अलग–अलग विषयों पर प्रशिक्षण कार्यशाला चलाई जाएगी जिससे विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा को बेहतरीन करने का प्रयास किया जाएगा। शिया डिग्री कॉलेज के एनसीसी ऑफिसर व असिस्टेंट प्रोफेसर अवधेश ने कहा यह बेहतरीन संयोग है कि कॉलेज प्रशासन नगर में कार्यरत संस्थाओं के साथ मिलकर नई पहल की शुरुआत कर रही है क्योंकि सभी साथ मिलकर चलें तो जरूर ही कुछ नया इतिहास बनाएंगे। संस्थापक अध्यक्ष विशाल गुप्ता, विकल्प शुक्ला श्याम जी सेठ व विद्यालय प्रशासन की तरफ से डॉ तस्लीम फातिमा डॉक्टर शादाब हैदर ऋषिकेश यादव हरेंद्र मौर्य राम आसरे आदि उपस्थित रहे। संस्था सचिव योगेश साहू द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# बूथ जीतेंगे,तो लोकसभा जीतेंगे: मुकुट बिहारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

**■ लोकसभा संचालन समिति की बैठक हुई संपन्न**
**■ बूथ तक करें जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार- मुकुट बिहारी**

बलरामपुर। रविवार को भाजपा कार्यालय अटल भवन पर लोकसभा प्रवास योजना के अंतर्गत भाजपा की लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बलरामपुर एवं श्रावस्ती जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रचार प्रसार करना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी हैं। सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उनका अभिवादन भी कार्यकर्ताओं को करना हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनावों में जीत का मंत्र देते हुए कहा कि बूथ जीतेंगे, तो चुनाव जीतेंगे के मंत्र पर हम सभी को कार्य करना हैं। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर लोकसभा श्रावस्ती की सीट पर इस बार भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराएगा। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष पदमसेन चौधरी, जिलाध्यक्ष बलरामपुर प्रदीप सिंह, जिलाध्यक्ष श्रावस्ती महेश मिश्रा, विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, विधायक श्रावस्ती राम फेरन पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलु, जिला महामंत्री वरुण सिंह, रवि मिश्रा, बिंदु विश्वकर्मा, विष्णु देव गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह समेत लोकसभा संचालन समिति के सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## लडकी को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी दुर्गेश गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना वजीरगंज पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के वांछित अभियुक्त–दुर्गेश पुत्र रामजनम को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना वजीरगंज क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता की माँ द्वारा थाना वजीरगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## एसपी कार्यालय पहुंचा दिनेश कहा मेरा किसी ने अपहरण नहीं किया भैया, भाभी की है मेरे जमीन पर नजर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। रूधौली थाना क्षेत्र के करमहिया निवासी दिनेश कुमार



उपाध्याय के कथित अपहरण की आशंका मामले में नया मोड़ आ गया है। सोमवार को दिनेश कुमार उपाध्याय पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि उसके अपहरण के आशंका की अफवाह फैलाया जा रहा है। उसके भाई देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और भाभी नीलम उसकी जमीन को हड़प लेना चाहते हैं। पत्र में दिनेश कुमार ने कहा है कि उसके बड़े भाई के साढू ने कुछ साल पहले गुजरात जाने वाले ट्रक में बैठा दिया था। एक स्वयंसेवी संस्था की मैडम ने उसे गुजरात से वापस बुलवाया। ग्राम प्रधान महेन्द्र सिंह ने उसे रूधौली लाकर छोड़ दिया था। उसके घर पर ताला लगा रहता है वह कहां खाये, रहे उसके भाई, पत्नी व रिश्तेदार हमेशा जमीन लिखने की बात करते हैं, मैं अपनी जमीन उनको नहीं देना चाहता हूं। पत्र में दिनेश कुमार ने कहा है कि उसका कोई अपहरण नहीं किया गया, वह अपने मन से काम करके इधर उधर रहता है। उसकी वजह से किसी को अकारण परेशान न किया जाय। ज्ञात रहे कि दिनेश कुमार की भाभी नीलम पत्नी देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आशंका व्यक्त किया था कि उसके देवर दिनेश कुमार उपाध्याय जो मंद बुद्धि के हैं उसका अपहरण कर कुछ लोग उसके हिस्से की सारी जायदाद बिकवाकर उसे गायब करा देना चाहते हैं। उसने अपने देवर की सुरक्षित बरामदगी कराये जाने की मांग एसपी से किया था।

# फैमिली आईडी–एक परिवार, एक पहचान योजना प्रशिक्षण सम्पन्न





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। फैमिली आईडी–एक परिवार एक पहचान योजना प्रशिक्षण–जनपद सिद्धार्थनगर अम्बेडकर सभागार में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, सभी उप जिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को "फैमिली आईडी–एक परिवार, एक पहचान योजना" के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमरेन्द्र दूबे द्वारा दिया गया। ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने बताया कि फैमिली आईडी का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को शत–प्रतिशत आच्छादित करना, डुप्लीकेट या फर्जी लाभार्थियों को हटाना, छूटे हुए लाभार्थियों और जरूरतमंद परिवारों की प्राथमिकता के आधार पर पहचान, सरकार की सभी योजनाओं का संतृप्तीकरण एवं लाभों के लक्षित वितरण के लिए सभी विभागों का एकीकरण करना हैं। उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी प्रत्येक परिवार के लिए 12 अंको की एक विशिष्ट पहचान संख्या है, जिसमें परिवार के सदस्यों का विवरण दिया होगा। फैमिली आईडी डेटाबेस योजनाओं में पात्रता निर्धारित करने तथा लाभ से वंचित पात्र लाभार्थियों को लाभ देने के लिए केन्द्रीय भण्डार के रूप में कार्य करेगा। फैमिली आईडी एक स्वैच्छिक सेवा है, केवल वे परिवार जो उ0प्र0 केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ प्राप्त कर रहें है या लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण कराने की आवश्यकता हो सकती हैं। उन परिवारों का फैमिली आईडी कार्ड बनाया जाना है, जो राशन कार्ड धारक नहीं है। ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि आवेदक द्वारा विभिन्न चरणों में स्वयं या सीएससी सेन्टर के माध्यम से इन प्रक्रियाओं के तहत बेवसाइट उिपसलपक.नच.हवअ. पद पर पंजीकरण किया जा सकता है तथा पंजीकरण के पश्चात लेखपाल एवं सचिव, ग्राम पंचायतों द्वारा सत्यापन किये जाने से सम्बन्धित सभी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी एसडीएम–सभी खण्ड विकास अधिकारी ,सम्बन्धित लेखपाल, सभी सचिव उपस्थित रहे।

# विष्णु महायज्ञ में पहुंचे सांसद जगदंबिका पाल





दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। विधानसभा के ग्राम सिरवत में रामजानकी मंदिर पर चल रहे विष्णु महायज्ञ में सांसद जगदंबिका पाल ने पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया तथा यज्ञ मंडल तथा राम जानकी मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए मंगलकामना के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया कथावाचक अयोध्या के श्री ब्रम्हानंद शास्त्री जी महराज से आशीर्वाद लिया और अपने भाषण में सांसद ने कहा यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है तथा सिरवत में जब भी यज्ञ होता है मैं समय निकालकर जरूर पहुंचता हूं यहां पर मंदिर तथा यहाँ की व्यवस्था देखकर मैं प्रसन्न हो जाता हूं तथा क्षेत्रवासियों से यह भी कहा कि बहुत ही जल्द जो यह शोहरतगढ़ नौगढ़ सड़क है इसका निर्माण शुरू हो जाएगा इसका बजट पास हो चुका है इसको मैं जल्द ही श्रावस्ती तक फोरलेन कराऊंगा इस यज्ञ के आयोजक प्रशुन्न शुक्ला शशि कुमार शुक्ला तथा मुख्य जजमान गुप्तेश्वर चौबे के साथ मंडल अध्यक्ष रमेश मणि, राघवेंद्र मिश्रा, संजय दुबे, चिनकु चौधरी, रामकेश, मनोज बाबा, ओमप्रकाश शुक्ल, दिनेश शुक्ल, आदि लोग के साथ क्षेत्र के भक्तगण मौजूद थे।

# जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। विकास कार्यो एवं 25 लाख से ऊपर की परियोजनाओ की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा कार्यदायी संस्थाओ के संबंधित अधिकारियो से जनपद में चल रहे निर्माण कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्था के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी वित्तीय वर्ष 2021–22 के कार्यो मार्च 2023 के अन्त तक कार्यो को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध पूर्ण कराये। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को बकाया बिजली बिल को जमा कराने का निर्देश दिया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद में बचे हुए सामुदायिक शौचालयो का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गोशाला का निरीक्षण करने का निर्देश दिया तथा वहां पर गोवंश के लिए पर्याप्त चारा भूसा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। पशुओं का टीकाकरण कराया जाये। सहभागिता योजना के अन्तर्गत लोगो को गोवंश लेने के लिए प्रोत्साहित करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि महाअभियान चलाकर निराश्रित गौवंश को गौशाला में रखवायें। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्य में प्रगति लाकर बनवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा समस्त विभागो के बकाया विद्युत के बिलो का भुगतान कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (बाल स्वास्थ्य गारन्टी योजना), महिला नसबन्दी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (जननी सुरक्षा योजना), तथा अन्य विभागों के प्रगति की समीक्षा की गयी। इसके अलावा आईजीआरएस के निस्तारण की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतो को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से निस्तारित कराये। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 वी0के0अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायन मौर्य, डी.सी.एन.आर.एल.एम. योगेन्द्र लाल भारती, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 राहुल गुप्ता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभागी कुलकर्णी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (प्र0ख0) सी0पी0सिंह, तथा समस्त संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विशेष टीकाकरण का हुआ उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। उपकेंद्र मदनपुर का उद्घाटन ग्राम पंचायत मधवापुर में सोमवार को किया गया। उपकेंद्र का



उद्घाटन सीएमओ डॉक्टर बीके अग्रवाल ने फीता काटकर किया। विशेष टीकाकरण अभियान 13 मार्च से लेकर 24 मार्च तक चलेगा। जिसमे 11 बीमारियों से बचाव हेतु लोगो का उपचार होगा। उसका चिकित्सक अधीक्षक एसके पटेल ने बताया कि विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है जिसमे शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चो को सत प्रतिशत टीकाकरण लगना है जो कि सभी विभागों से अपील भी की है कि जो भी बच्चे छूटे हुए है तो उनको टीकाकरण लगवाकर विशेष टीकाकरण पखवाड़ा को संपन्न कराया जाय। इस उद्घाटन में उपस्थित डिप्टी सीएमओ आर जी सिंह, डॉक्टर ए के आजाद, अमित शर्मा डीएमसी, एएनएम इसरावती जायसवाल, उर्मिला, रमेश भास्कर, कुमुद आशा, बीपीएम मनीष पांडेय, बीसीपीएम कृष्ण मोहन पांडेय, राजेश सिंह आदि रहे मौजूद।

# शिव सती प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए लोग

## ध्रुव का चरित्र हमारे लिए प्रेरणास्रोत है स्वामी उत्तम कृष्ण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। सती के पिता दक्ष ने पद प्राप्त करने के बाद सम्मान सभा का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने सभी देवताओं को आमंत्रित किया उन्होंने देखा कि सभी उनका सम्मान कर रहे हैं लेकिन ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने उनको सम्मान नही दिया जिसे उन्होंने अपना अपमान माना। कुछ समय बाद जब दक्ष ने यज्ञ का आयोजन किया तो उन्होंने शिव और पार्वती को इस यज्ञ में नही बुलाया लेकिन पार्वती बिना बुलाये ही अपने पिता के घर जाने की जिद करने लगी लेकिन शिव इस बात के लिए तैयार नही हुए इस पर माता पार्वती अकेले ही पिता के घर जा पहुंची, बिना बुलाये ही पहुंच जाने की वजह से माता पार्वती का यथोचित सम्मान नही हुआ जिससे आहत होकर उन्होंने यज्ञ के हवन कुंड में कूद कर अपना प्राण त्याग दिया दइयस प्रसंग को सुनाते हुए अयोध्या से पधारे स्वामी उत्तम कृष्ण शांडिल्य जी महाराज ने कहा कि कभी भी बिना बुलाये नही जाना चाहिए भले ही वो आपका मायका ही क्यों ना हो द्यबताते चलें डुमरियागंज के वार्ड नम्बर 13 लक्ष्मण नगर में 10 मार्च से शुरू हुए संगीतमयी श्री मद भागवत कथा में रविवार को स्वामी उत्तम कृष्ण शांडिल्य ने शिव सती प्रसंग के साथ साथ भक्त ध्रूव के चरित्र का भी वर्णन किया जिसमें उन्होंने कहा कि अपनी भक्ति के बल पर भक्त ध्रूव ने परम पद को प्राप्त कर लिया था दइयस अवसर पर श्याम लाल, अजय, विनोद, अनुज, अनिल, रवि आदि लोगों के साथ तमाम श्रोता गण उपस्थित रहे।



# विक्की रस्तोगी बने नगर अध्यक्ष

## जिलाध्यक्ष अजय कसौधन एवं उपाध्यक्ष राकेश दत्त त्रिपाठी ने दी बधाई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर में पैर पसार रहे व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल पूर्व मंत्री ने उन्हें जिला मुख्यालय पर नगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। आपको बता दें कि वरिष्ठ समाजसेवी विक्की रस्तोगी एक जाने–माने विक्की ट्रांसपोर्ट के मालिक भी हैं जो उत्तर प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई हुई है विक्की रस्तोगी ने इस अवसर पर कहा कि जिस उम्मीद के साथ उद्योग व्यापार संगठन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने मेरा चयन किया है निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन को आगे ले जाने का काम करूंगा साथ ही जहां मेरी आवश्यकता जिस प्रकार से पड़ेगी मैं अपने व्यापारी भाई बंधुओं के लिए सदैव तैयार रहूंगा साथ ही सभी जनपद के व्यापारी बंधुओं को भरोसा दिलाते हुए विक्की रस्तोगी ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत आने पर सदैव आप हमें याद कर सकते हैं आप हमारे परिवार हैं आपकी समस्या हमारी समस्या रहेगी जिसका समाधान करना मेरा प्रथम दायित्व रहेगा। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा से नगर पालिका अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी राकेश दत्त त्रिपाठी भी मौजूद रहे आपको बता देंगी राकेश दत्त त्रिपाठी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला उपाध्यक्ष है।



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ समाजसेवी विक्की रस्तोगी का चयन किया गया है। आपको बता दें कि विक्की रस्तोगी जनपद मुख्यालय के जाने–माने वरिष्ठ समाजसेवी हैं जो अक्सर लोगों की सहायता करते नजर आ जाते हैं उनकी कार्य सेवा को देखते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग

# लाभार्थियों का आरोप कोटेदार कम तौलते हैं राशन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

खेसरहा।सिद्धार्थनगर खेसरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सुहई कनपुरवा के सुनील नाम के व्यक्ति ने अपने गांव के कोटेदार शिवसागर पर ये आरोप लगाया है कि कोटेदार यूनिट की दर से राशन का वितरण न करके बाकी का राशन खुद खा जाते हैं। सुनील का ये भी आरोप है कि मेरा राशन कार्ड तीन यूनिट का है कोटेदार द्वारा मुझे सिर्फ दस किग्रा चावल ही दिया जाता है और बाकी का पांच किग्रा खुद रख लेते हैं और कभी कभी मशीन में लोगों का फिंगरप्रिंट भी नहीं लगवाते बोलते है मशीन बंद हो गई है।गांव के ही सौरभ पाण्डेय, राजू पाण्डेय, तीरथ, पवन व मनिराम का बयान है कि कोटेदार के इस लापरवाही से लाभार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# जिम्मेदार बजा रहे चैन की बंशी, खड़ी फसल हो सकती है आग के हवाले

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थ नगर द्वारा पीठनी



घाट पर कूड़ा करकट को जलाए जाने से लोगों में रोष व्याप्त है।पिछले कई महीनों से शहर का कूड़ा करकट पीठनी घाट पर मुख्य सड़क के किनारे ही डाला जा रहा है। उसे उसी वक्त जला दिया गया था तब से अब तक जल रहा है जबकि वर्तमान समय में रबी की मुख्य फसल गेहूँ पीठनी घाट के आस पास लगभग तैयार हो गया है। किसी कारण बस चिंगारी खेतों के तरफ गयी तो सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो सकती है।जिम्मेदार ऐसी चींजों पर ध्याम नहीं दे रहे हैं। जिलामुख्यालय सोहास मार्ग पर स्थित पीठनी घाट है। जहाँ पर नगर पालिका परिषद सिद्धार्थ नगर द्वारा मुख्य सड़क के सटे कस्बे का कूड़ा करकट व गन्दगी डाला जाता है। जिसको कम करने के लिए जला दिया गया है। जो पिछले कई माह से जल रहा है। उसके जलने से तीक्ष्ण दुर्गंध व खूब धुआँ निकलता है। जिससे तमाम बीमारी फैलने का डर सता ही रहा है। इसके अलावा पीठनी घाट के पास से ही लोग गेहूँ की बुवाई किए हुए हैं। वर्तमान समय में फसल लगभग तैयार हो गयी है। हवा चल रहा है। आग की चिंगारी अगर खेतों के तरफ बढ़ा तो सैकड़ों एकड़ खड़ी फसल आग के हवाले हो सकता है। जिम्मेदार चौन की बंशी बजा रहे हैं।

## सम्पादकीय

अमरीका की जीडीपी भारत की जीडीपी से कई गुणा ज्यादा है और कई मुल्कों की जीडीपी भारत की जीडीपी से कई गुणा कम है। इसलिए हमें हर देश के सरकारी ;ण एवं अन्य देनदारियों को वहां की जीडीपी के अनुपात में देखना पड़ेगा। इस संदर्भ में यदि दुनिया की 5 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को देखा जाए तो ...

# रेबड़ी बॉट और कर्ज का बोझ

सरकार कर्ज लेकर रेबडियां बॉट रही है, उसमें केन्द्र सरकार भी पीछे नहीं है । कुछ दिनों से मीडिया और सोशल मीडिया में एक चर्चा चल रही है कि सरकार पर कर्ज पहले की तुलना में काफी ज्यादा बढ़ गया है। कांग्रेस का कहना है कि जब 2014 में उन्होंने सत्ता छोड़ी थी उस समय देश पर 56.7 लाख करोड़ रुपए का कर्ज था, जो 2022–23 में बढ़कर 152.6 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, यानी यह कर्ज लगभग 96 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया है । दुनिया भर में सरकारी कर्ज के बारे में देखने का नजरिया अलग किस्म का है। सरकारी कर्ज को उसके आकार के अनुसार नहीं, बल्कि जीडीपी के प्रतिशत के रूप में देखा जाता है। उसके हिसाब से देखा जाए तो वर्ष 2013–14 में चालू कीमतों पर 112 लाख करोड़ रुपए की जीडीपी के संदर्भ में सरकार का कुल 56.7 लाख करोड़ रुपए का कुल कर्ज और देनदारियां जीडीपी का 50.5 प्रतिशत थी।

उसके बाद वर्ष 2018–19 तक आते–आते सरकार का कुल कर्ज और देनदारियां 90.8 लाख करोड़ तक पहुंच गई, जो चालू कीमतों पर जीडीपी का 189 लाख करोड़ रुपए की जीडीपी का मात्र 48 प्रतिशत ही था, यानी जीडीपी के प्रतिशत के रूप में सरकारी का कर्ज और देनदारियां पहले से 2.5 प्रतिशत बिन्दु घट गई थीं। 2019– 20 के वर्ष में कोरोना का प्रकोप शुरू हो चुका था, जिसके कारण उत्पादन और कर राजस्व दोनों प्रभावित होने शुरू हो चुके थे। ऐसे में सरकारी कर्ज में मात्र 12 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि के बावजूद। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में सरकारी कर्ज 3 प्रतिशत विन्दु ज्यादा। होकर 51 प्रतिशत तक पहुंच गया था। वर्ष 2020–21 पूरे तौर पर कोरोना प्रभावित था, जिसमें मौद्रिक जीडीपी भी 2 लाख करोड़ रुपए घट गई थी, लेकिन कोरोना से गरीबों एवं अन्य प्रभावित वर्गों को राहत देने और अन्यान्य प्रकार के खर्च बढने के कारण सरकारी कर्ज और देनदारियां 18 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई थी। इसके कारण सरकारी कर्ज और देनदारियां जीडीपी के प्रतिशत के रूप में 61 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। वर्ष 2023–24 के बजट अनुमानों के अनुसार सरकारी ऋण कुल जीडीपी का मात्र 56 प्रतिशत तक घट जाएगा। कर्ज निजी हो अथवा सार्वजनिक, इसके साथ उसके व्याज और मूलधन की देनदारी जुड़ी होती है। जहां तक सरकारों का सवाल है, सरकारें लगातार ऋण लेती हैं और यह ऋण उत्तरोत्तर तौर पर बढ़ता ही जाता है । गौरतलब है कि हर मुल्क की जीडीपी अलग–अलग है। अमरीका की जीडीपी भारत की जीडीपी से कई गुणा ज्यादा है और कई मुल्कों की जीडीपी भारत की जीडीपी से कई गुणा कम है। इसलिए हमें हर देश के सरकारी ऋण एवं अन्य देनदारियों को वहां की जीडीपी के अनुपात में देखना पड़ेगा। इस संदर्भ में यदि दुनिया की 5 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को देखा जाए तो आईएमएफ के अनुसार वर्ष 2021 में अमरीका में सरकारी ऋण जीडीपी का 122 प्रतिशत है, जापान का 221.3 प्रतिशत और भारत में मात्र 54.3 प्रतिशत था । यह तो सही है कि जनकल्याण ही नहीं पूंजी निर्माण के लिए भी सरकारों को ऋण लेना पड़ता है और टैक्स जीडीपी अनुपात बढ़ाने की कठिनाइयों के चलते, समय की जरूरतों के साथ–साथ सरकारी कजर्द बढ़ता भी जाता है। ऐसे में आर्थिक विश्लेषकों और नीति–निर्माताओं की चिंता यह होती है कि सरकारी बजट पर इसका प्रभाव कैसे कम किया जाये ।

# प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में व्याप्त हैं श्री राम

भगवान श्री राम ब्रह्म हैं। वे घट घट में व्याप्त हैं। वे जगत नियंता हैं। इसलिए उनकी व्याप्ति इस संसार के प्रत्येक मनुष्य के हृदय में है। इस बात को आप जानते हैं न कि मरा मरा कहते हुए आदि कवि वाल्मीकि ने राम राम का जाप किया और प्रभु श्री राम की कृपा प्राप्त की। आप देखिए तो पाएंगे कि प्रत्येक मनुष्य के हृदय में व्याप्त हुए प्रभु श्री राम की महिमा अत्यंत निराली है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य द्वारा उनके उपासना की अलग पद्धति भी है। सभी मनुष्यों के अलग अलग राम हैं। हृदय में व्याप्त प्रत्येक मनुष्यों की स्व हृदय व्यापी प्रभु श्री राम से अलग अलग अपेक्षाएं भी हैं। कोई धन की मांग करता है तो कोई बल, कोई बुद्धि और तो कोई विवेक और कोई अपने आचरण के अनुरूप छल, दंभ और कोई सियासी दांवपेंच में पौ बारह की अनुभूति से सराबोर होना चाहता है। हरि अनंत हरि कथा अनंता और कृपालु देव भगवान श्री राम की अखंड कृपा भी सभी लोगों पर है। क्योंकि वे परम ब्रह्म हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि जाकी रही भावना जैसी ता प्रभु देखी मूरत तिन तैसी। साथियों! जैसा आपका मनोभाव होगा प्रभु श्री राम की छवि भी आपके हृदय में वैसी ही व्याप्त होगी। प्रभु श्री राम एक हैं। उनकी छवि अनंत है। अनंत छवियों के द्वारा वे सभी पदार्थों को भक्तजन में वितरित करने वाले हैं। सकल पदारथ है जग माहीं करम हीन नर पावत नाहीं। अर्थात इसी ब्रह्मांड में सब कुछ है लेकिन कर्म हीन प्राणी उसे प्राप्त नहीं कर पाता है। गीता में भी भी भगवान श्री कृष्ण ने कर्मण्ये वा धिकारस्ते का उपदेश दिया है। जो मनुष्य कर्म नहीं करता उसे फल की प्राप्ति नहीं होती है। इसलिए प्रभु श्री राम को हृदय में बसाते हुए कर्म रत रहिए।



लेखक विनय कांत मिश्र/ दैनिक बुद्ध का सन्देश

# अमेरिकी बैंक पर संकट का भारत पर असर

**अक्सर बैंक ही इसमें मददगार साबित होते हैं। लेकिन भारतीय बैंकों की दशा पहले से खराब है। बैंकों के विलय और निजी क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के फेर में सरकार ने हर तरह से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। अडानी प्रकरण के बाद से बाजार में पहले ही घबराहट है। लाखों छोटे निवेशक शेयर बाजार में अपनी पूंजी गंवा चुके हैं। ऐसे में अमेरिका में एक ऐसे बैंक का बंद होना, जो भारतीय कंपनियों के लिए भी सहारा...**

2008 को आई वैश्विक मंदी की चर्चा एक बार फिर आर्थिक जगत में हो रही है। 15 सितंबर 2008 में जब लेहमैन ब्रदर्स बैंक डूबा था तो उसने दुनियाभर में भारी आर्थिक तबाही मचा दी थी। कई और बैंक उस वजह से डूब गए थे। बैंकों पर आए इस संकट का असर कारोबारी जगत पर पड़ा और आगे नौकरियों को इसने लील लिया। एक झटके में बेरोजगारों की संख्या बढ़ गई।

दुनिया को फिर से पटरी पर लौटने में वक्त लगा। लेकिन उसके बाद कोरोना ने आर्थिक संकट खड़ा किया। उस झटके से लोग अब तक उबर ही रहे हैं कि एक बार फिर से बैंकिंग क्षेत्र को लेकर दुनिया भर में बेचौनी महसूस की गई। निवेशक बढ़ती ब्याज दरों की चुभन को कई दिनों से महसूस कर रहे थे। और इस चुभन के बीच खबर आई कि अमेरिका में 9 मार्च को सिल्वरगेट कैपिटल कॉरपोरेशन बैंक डूबा और 10 मार्च को सिलिकॉन वैली बैंक यानी एसवीबी डूब गया। जानकार एसवीबी के डूबने को अमेरिका का 2008 के बाद का दूसरा बड़ा बैंकिंग संकट बता रहे हैं।

अमेरिका के 16वें स्थान पर आने वाले एसवीबी के पास दो महीने पहले तक 209 अरब डॉलर की संपत्ति थी। बैंक के पास 179 अरब डॉलर के डिपॉजिट्स थे। लेकिन बुधवार को बैंक ने 2.5 अरब डॉलर जुटाने की योजना सार्वजनिक की, तो लोगों को बैंक की वित्तीय स्थिति पर संदेह हुआ और उन्होंने अपने पैसे निकालने शुरू कर दिए।

गुरुवार से ही लोग बैंक से अपने पैसे निकालने में जुटे थे। इसके बाद शुक्रवार को अमेरिकी सरकार ने बैंक की कमान अपने हाथ में ले ली और फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस को बैंक का रिसीवर बना दिया गया। दरअसल यह एसवीबी पर यह वित्तीय संकट फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि के कारण आया। साल 2017 के आखिर तक बैंक के पास 44 अरब डॉलर का डिपॉजिट था।

साल 2021 के आखिर तक यह 189 अरब डॉलर तक पहुंच गया। जिस दर पर बैंक कर्ज देते हैं और जिस दर पर वे लोगों से पैसा लेते हैं, उसके बीच का अंतर ही बैंकों की कमाई होती है। सिलिकॉन वैली बैंक का डिपॉजिट इसके द्वारा दिये गए कर्ज की राशि से काफी अधिक हो गया था। ऐसे में एसवीबी ने ब्याज से पैसा कमाने के लिए बॉन्ड में पैसा लगाना शुरू किया। एसवीबी ने ग्राहकों की जमा राशि से अरबों डॉलर कीमत के बॉन्ड खरीदे थे। ये निवेश आम तौर पर सुरक्षित होते हैं, लेकिन ब्याज दर बढ़ने के कारण इन निवेशों का मूल्य गिर गया।

दरअसल दुनिया के कई केन्द्रीय बैंकों की तरह अमेरिका में भी फेडरल रिजर्व ने महंगाई का उच्च स्तर देखते हुए आक्रामक रूप से ब्याज दरों को बढ़ाना शुरू किया। इससे कम ब्याज दर वाले दौर में जारी हुए बॉन्ड्स की कीमतें घटने लगीं। सिलिकॉन वैली बैंक की मुसीबत यहीं से शुरु हुई। एसवीबी को पूरा लिक्विड बॉन्ड पोर्टफोलियो कम कीमत में बेचना पड़ा। इससे बैंक को 1.8 अरब डॉलर का घाटा हुआ। निवेशकों को बैंक की नाजुक वित्तीय स्थिति का अंदाजा हुआ, तो वे शेयर बेचने लगे। इस तरह बैंक का शेयर 60 प्रतिशत तक टूट गया और आखिरकार बैंक बंद ही हो गया। अपने पैसे निकालने के लिए जमाकर्ताओं की भीड़ बैंक की इमारत में लग गई और किसी तरह हालात पर काबू पाया गया।

1983 में शुरू हुआ यह बैंक स्टार्टअप्स में निवेश करने वाला एक बड़ा बैंक था। खासकर तकनीकी क्षेत्र के स्टार्टअप्स के लिए यह वित्तीय सहायता का बड़ा स्रोत था। सिलिकॉन वैली बैंक ने 21 भारतीय स्टार्टअप्स में भी पैसा लगाया हुआ है। पिछले 5–7 वर्षों से यह बैंक काफी चर्चा में आया। अच्छे रिटर्न के चलते लोग इसमें अपना पैसा जमा कराते थे। लेकिन अब भारतीय बाजार में एसवीबी के बंद होने की घबराहट देखी जा सकती है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि एसवीबी के बंद होने पर स्टार्टअप कंपनियों को फंड नहीं आएगा, तो उन्हें भी कारोबार समेटने की नौबत आ जाएगी।

टेकक्रंच नाम की पत्रिका ने कहा है कि अमेरिका से 8000 किलोमीटर दूर भारत में स्टार्टअप कंपनियों पर इस का असर पड़ना तय है। दर्जनों भारतीय स्टार्टअप एसवीबी पर निर्भर थे। कुछ स्टार्टअप में तो एसवीबी उनका एकमात्र बैंकिंग भागीदार था, जिनका पैसा वहां फंस गया है। कुछ भारतीय कंपनियां सिलिकॉन वैली बैंक से अपने पैसे को समय पर ट्रांसफर नहीं कर सकीं क्योंकि उनके पास एक और अमेरिकी बैंकिंग खाता आसानी से उपलब्ध नहीं था। ये तमाम विपरीत हालात आने वाले संकट की चेतावनी दे रहे हैं। भारत में रोजगार पहले से ही कम हो चुके हैं। सरकार रोजगार मुहैया नहीं करा रही, स्टैंड अप और स्टार्ट अप का मंत्र युवाओं में फूंक रही है कि नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनो। लेकिन नौकरियां भी तभी दी जा सकती हैं, जब लोगों को वेतन देने का इंतजाम हो। अक्सर बैंक ही इसमें मददगार साबित होते हैं। लेकिन भारतीय बैंकों की दशा पहले से खराब है। बैंकों के विलय और निजी क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के फेर में सरकार ने हर तरह से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। अडानी प्रकरण के बाद से बाजार में पहले ही घबराहट है। लाखों छोटे निवेशक शेयर बाजार में अपनी पूंजी गंवा चुके हैं। ऐसे में अमेरिका में एक ऐसे बैंक का बंद होना, जो भारतीय कंपनियों के लिए भी सहारा था, एक बुरी घटना है। मुमकिन है दुनिया में इससे आर्थिक मंदी जैसे हालात न बने, लेकिन भारत में डगमगाती अर्थव्यवस्था के और लड़खड़ाने के आसार तो बन ही गए हैं।

# दुनिया को सेहतमंद बनाएगा भारतीय मोटा अनाज

**सोरघम, कैनरी, बाजरा और रागी के निर्यात से अच्छे दाम देने वाले देशों में अमेरिका शीर्ष पर है जबकि सऊदी अरब कुट्टू और दूसरे मोटे अनाज निर्यात पर बेहतर रिटर्न देता है। आमतौर पर, सोरघम (ज्वार) और अन्य मोटे अनाज की तुलना में कुट्टू को अच्छी कीमत मिलती है। दुनिया में मोटे अनाज का आयात करने वाले प्रमुख देशों में इंडोनेशिया, बेल्जियम, जापान, जर्मनी, मेक्सिको, इटली, अमेरिका...**

डॉ. एम अंगमुथु

अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष (आईवाईओएम) 2023 में जी–20 की थीम शमिलकर उबरेंगे, मिलकर मजबूत होंगेश के साथ तालमेल बिठाते हुए, भारत पौष्टिकता से भरपूर मोटे अनाज के निर्यात पर अधिक जोर देकर एक सेहतमंद दुनिया बनाना चाहता है। परंपरागत रूप से उगाए और औषधीय गुणों वाले अनाज भारत की नई पहचान बना रहे हैं। इसकी खेती से पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं होता है। बाजरा, रागी, कैनरी, ज्वार और कुट्टू अब विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने जा रहे हैं।

कोविड–19, जलवायु परिवर्तन, कैलोरी सेवन संबंधी जागरूकता को लेकर ऐसे नुकसानदेह परिवर्तन देखने को मिले हैं, जिससे दुनिया का ध्यान इस स्मार्ट फूड (पौष्टिक मोटा अनाज) और इसके पोषण लाभ की ओर गया। 19 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत मोटे अनाज का सबसे बड़ा उत्पादक है और अब देश ने मोटे अनाज की क्रांति लाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा रखी है। एपीडा की मार्केटिंग रणनीति के साथ दुनियाभर में मोटे अनाज के आयात को लक्षित कर भारत के निर्यात में एक क्रांतिकारी बदलाव लाया जा रहा है।

मोटे अनाज की निर्यात संवर्धन रणनीति के हिस्से के रूप में संबंधित संस्थान ने मिलेट सम्मेलन आयोजित किया। इसका उद्देश्य भारत को आगे ले जाने और व्यापार करने वाले शीर्ष 100 देशों के बीच पोषण महत्व के साथ मोटे अनाज के मूल्यवर्धित नए उत्पादों की व्यापक श्रृंखला को प्रदर्शित कर जागरूकता लाना था। भारत की ओर से पेश किए जाने वाले अनूठे उत्पादों को दिखाने के लिए खरीदारों को आमंत्रित किया गया। दुनियाभर में हर शख्स के खाने की प्लेट और हर भोजन में भारतीय मोटे अनाज की जगह सुरक्षित करना मकसद है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत काम करने वाले कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की योजना 2025 तक 100 मिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल करने की है। भारत की क्षमता का आकलन करते हुए एक व्यापक वैश्विक मार्केटिंग अभियान तैयार किया जा रहा है। इसके अनुसार 30 आयातक देशों और 21 मोटे अनाज के उत्पादक राज्यों का ई–कैटलॉग तैयार किया गया है। मोटे अनाज और इसके मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए एक वर्चुअल ट्रेड फेयर प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है। पूरी दुनिया पोषण सुरक्षा की तरफ बढ़ रही है, ऐसे में एक दशक में मोटे अनाज के अंतर्राष्ट्रीय आयात में 5.4 प्रतिशत मूल्य में और 14 प्रतिशत मात्रा में वृद्धि दर्ज की गई है। अपनी विशेष और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण मोटे अनाज की तरफ पूरी दुनिया का ध्यान गया है क्योंकि यह ग्लूटेन–मुक्त, उच्च प्रोटीन और उच्च फाइबर का स्रोत होता है। चावल और गेहूं का विकल्प होने के नाते, मोटा अनाज मधुमेह प्रबंधन, वजन घटाने में निम्न ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) में मदद के साथ ही खून की कमी, रक्तचाप और हृदय संबंधी परेशानियों में फायदेमंद है। हर तरह से मोटे अनाज को गेहूं, चावल और मक्के से बेहतर माना जाता है और अगर भारत पौष्टिक मोटे अनाज के साथ रोग उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ता है तो ये मधुमेह रोगी और खून की कमी वाली महिलाओं के लिए सुझाए गए आहार में एक तिहाई अनाज की जगह ले सकता है। रोज प्रति व्यक्ति 100 ग्राम मोटा अनाज खाया जाता है तो भारत पोषक अनाज वर्ष (आईवाईओएम) के शमोटा अनाज, हर आहार में एक प्रमुख भोजनश के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

भारतीय मोटे अनाज के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, केंद्र सरकार 16 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में क्रेता–विक्रेता सम्मेलन का आयोजन कर विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में व्यापारियों, एफपीओध्एफपीसी, निर्यातकों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने की दिशा में काम कर रही है। एफएओ द्वारा रोम, इटली में अपने मुख्यालय में आयोजित आईवाईओएम 2023 के एक कार्यक्रम में भारत पहले ही मोटे अनाज और इसके मूल्य–वर्धित उत्पादों को बढ़ावा दे चुका है। भारतीय दूतावास के सहयोग से जकार्ता और मेडन, इंडोनेशिया में क्रेता–विक्रेता बैठकें आयोजित की गई। गल्फफूड 2023– दुबई यूएई, फूडेक्स– जापान, फाइन फूड– ऑस्ट्रेलिया, अनुगा फूड फेयर, जर्मनी आदि जैसे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में भागीदारी और शमोटा अनाजश की थीम के साथ प्रचार में सहयोग के लिए योजनाएं तैयार हैं।

बाजरे को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख आयातकोंध्डिपार्टमेंटल स्टोरध्सुपर मार्केटध् हाइपर मार्केट श्रृंखला को भारतीय दूतावास के जरिए जोड़ा जाएगा और भोजन के नमूने व स्वाद चखने का अभियान आयोजित किया जाएगा। आईबीईएफ के सहयोग से लक्षित देशों और बाजारों में भारतीय मोटे अनाज की ब्रांडिंगध्प्रचार किया जाएगा। सोशल मीडिया के जरिए भी प्रचार अभियान चलाया जाएगा।

राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और मध्य प्रदेश भारत के पांच बड़े मोटे अनाज के उत्पादक राज्य हैं। मोटे अनाज की 16 प्रमुख किस्में पैदा की जाती हैं जिसका उत्पादन और निर्यात किया जाता है। इसमें सोरघम (ज्वार), पर्ल मिलेट (बाजरा), फिंगर मिलेट (रागी), छोटे दाने वाला बाजरा (कंगनी), प्रोसो मिलेट (चेना), कोदो मिलेट (कोदो), बार्नयार्ड मिलेट (सावाध्सांवाध्झांगोरा), छोटा बाजरा (कुटकी), दो छद्म बाजरा (बकवीटध्कुट्टू), अमरंथ (चौलाई), ब्राउन टॉप बाजरा शामिल हैं।

भारत से मोटे अनाज के निर्यात में मुख्य रूप से साबूत अनाज शामिल है और मोटे अनाज के मूल्यवर्धित उत्पादों की हिस्सेदारी नगण्य है। सरकार खाने के लिए तैयार (आरटीई) और परोसने के लिए तैयार (आरटीएस) श्रेणी के मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स को भी तैयार कर रही है। इसमें नूडल्स, पास्ता, ब्रेकफास्ट अनाजों का मिश्रण, बिस्कुट, कुकीज, स्नैक्स, मिठाई आदि शामिल हैं।

भारत के प्रमुख मोटा अनाज निर्यातक देश यूएई, नेपाल, सऊदी अरब, लीबिया, ओमान, मिस्र, ट्यूनीशिया, यमन, यूके और यूएसए हैं। भारत से निर्यात की जाने वाले मोटे अनाज की किस्मों में बाजरा, रागी, कैनरी, ज्वार और कुट्टू शामिल हैं। सोरघम, कैनरी, बाजरा और रागी के निर्यात से अच्छे दाम देने वाले देशों में अमेरिका शीर्ष पर है जबकि सऊदी अरब कुट्टू और दूसरे मोटे अनाज निर्यात पर बेहतर रिटर्न देता है। आमतौर पर, सोरघम (ज्वार) और अन्य मोटे अनाज की तुलना में कुट्टू को अच्छी कीमत मिलती है। दुनिया में मोटे अनाज का आयात करने वाले प्रमुख देशों में इंडोनेशिया, बेल्जियम, जापान, जर्मनी, मेक्सिको, इटली, अमेरिका, यूके, ब्राजील और नीदरलैंड हैं। हर आहार में मुख्य भोजन के रूप में मोटे अनाज को शामिल करने के उद्देश्य के साथ भारत दुनियाभर में मोटे अनाज को बढ़ावा दे रहा है।

लेखक अध्यक्ष, एपीडा हैं



# डब्ल्यूपीएल 2023 में हरमनप्रीत का अर्धशतक, मुंबई इंडियंस की लगातार चौथी जीत

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 53 रन) और नैट साइवर ब्रंट (नाबाद 45 रन) के बीच तीसरे विकेट के लिये 106 रन की अटूट साझेदारी के दम पर रविवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मैच में यूपी वारियर्स को 15 गेंद रहते आठ विकेट से हराकर लगातर चौथी जीत दर्ज की। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत की 33 गेंद की नाबाद पारी में नौ चौके और एक छक्का जड़ा था। साइवर ब्रंट (31 गेंद में छह चौके और एक छक्के) ने छक्का जड़कर टीम को जीत दिलायी। इससे मुंबई की टीम आठ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर चल रही है। यूपी वारियर्स को दिल्ली कैपिटल्स (छह अंक) की बराबरी करने के लिए इस मैच में जीत की दरकार थी। लेकिन कप्तान एलिसा हीली (58 रन) और तहलिया मैकग्रा (50 रन) के अर्धशतक भी उसे हार से नहीं बचा सके। हीली और मैकग्रा के बीच तीसरे विकेट के लिये 82 रन की साझेदारी से यूपी वारियर्स ने छह विकेट पर 159 रन का स्कोर बनाया। मुंबई इंडियंस ने 17.3 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बनाकर आराम से जीत दर्ज की। यूपी वारियर्स ने तीसरे ओवर में शानदार मौका गंवा दिया जब सिमरन शेख ने यास्तिका भाटिया (42 रन) का कैच छोड़ दिया। पांचवें ओवर में नाटकीय वाकया हुआ जब सोफी एक्लेस्टोन ने हीली मैथ्यूज के पगबाधा की अपील की जिसे मैदानी अंपायर ने नकार दिया। फिर यूपी वारियर्स की कप्तान हीली ने एक्लेस्टोन से पूछने के बाद रिव्यू लिया जिस पर तीसरे अंपायर ने आउट दिया। पर मैथ्यूज रूकी रहीं और उन्होंने रिव्यू लिया जिस पर उन्हें 'नॉट आउट' दिया गया।

विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका अच्छी लय में थीं और तेजी से रन जुटा रही थीं। जबकि दूसरे छोर पर खड़ी हेली मैथ्यूज संयमित बल्लेबाजी कर रही थी। इन दोनों की बदौलत मुंबई ने पावरप्ले में छह ओवर में बिना विकेट गंवाये 51 रन बना लिये थे। अगले ओवर में भाटिया ने राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर लांग ऑन पर छक्का जड़ा, पर अगली ही गेंद में आउट हो गयीं जिनका कैच सिमरन शेख ने ही लपका। उन्होंने 27 गेंद में आठ चौके और एक छक्का जमाया। इससे पहले विकेट के लिये 58 रन की भागीदारी भी खत्म हुई। एक्लेस्टोन ने आठवें ओवर में मैथ्यूज (12 रन) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। दस ओवर बाद मुंबई इंडियंस ने दो विकेट पर 72 रन बना लिये थे। 11वें ओवर में फिर एक 'ड्रामा' हुआ जब अंजलि सरवनी की गेंद पर हरमनप्रीत आउट होते होते बच गयीं क्योंकि गेंद स्टंप पर लगी लेकिन गिल्लियां नहीं गिरीं।



भाग्य भी मुंबई इंडियंस के साथ था। हरमनप्रीत और साइवर ब्रंट ने शुरू में जमने में थोड़ा समय लेकर आक्रामकता बरती। टीम ने 15 ओवर में दो विकेट पर 123 रन बना लिये थे और जीत के लिये उसे 37 रन की जरूरत थी। अगले ओवर में तहलिया मैकग्रा पर हरमनप्रीत के एक छक्के और तीन छक्के से मुंबई इंडियंस के खाते में 19 रन जुड़े। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी यूपी वारियर्स ने अच्छी शुरूआत की और टीम इन दोनों बल्लेबाजों की बदौलत बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी। पर साइका इशाक ने एक ओवर में इन दोनों के विकेट झटक लिये जिससे टीम की रन गति कम हो गयी। मुंबई इंडियंस के लिए इशाक सबसे सफल गेंदबाज रही जिन्होंने चार ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि अमेलिया केर ने इतने ही रन देकर दो विकेट हासिल किये। पिछले मैच में नाबाद 96 रन की पारी खेलने वाली हीली ने 46 गेंद में सात चौके और एक छक्का लगाकर टूर्नामेंट में अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा जबकि मैकग्रा ने 37 गेंद में नौ चौके जमाये। यूपी वारियर्स ने देविका वैद्य (06) का विकेट दूसरे ही ओवर में गंवा दिया जो स्वीप करने की कोशिश में साइका इशाक की गेंद पर पगबाधा आउट हुई।

हीली ने छठे ओवर का अंत नैट साइवर ब्रंट पर लांग ऑफ में गगनदायी छक्का जड़कर किया जिससे यूपी वारियर्स ने पावरप्ले में एक विकेट पर 48 रन बनाये। दूसरे छोर पर किरण नवगिरे ने भी कप्तान की तरह आक्रामकता बरतने का प्रयास किया, उन्होंने अमेलिया केर पर लांग ऑन में बड़ा छक्का जड़ने के बाद अगली गेंद को चौके के लिये भेजा। पर चौथी गेंद पर तीसरी बाउंड्री जड़ने के प्रयास में विकेटकीपर यास्तिका भाटिया को आसान कैच देकर पवेलियन लौट गयीं। इससे हीली और उनके बीच दूसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी भी खत्म हुई। फिर मैकग्रा क्रीज पर उतरीं, उन्होंने नौवें ओवर में अमेलिया केर पर मिडऑफ और थर्ड मैन पर लगातार चौके जड़ने के बाद अंतिम गेंद को भी बाउंड्री के लिये भेजा। यूपी वारियर्स ने 10 ओवर में दो विकेट देकर 84 रन बना लिये थे और बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी। हीली ने 14वें ओवर में दो रन लेकर 36 गेंद में सात चौके और एक छक्के से टूर्नामेंट में अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। कुछ ही देर में मैकग्रा ने भी 17वें ओवर में इशाक पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पर अगली ही गेंद पर इशाक ने हीली को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। हीली ने रिव्यू लिया लेकिन उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। एक गेंद के बाद इशाक ने मैकग्रा को भी आउट कर यूपी वारियर्स को दो बड़े झटके दिये। आफ स्टंप गेंद पर मैकग्रा क्रीज से बाहर निकल गयी, विकेटकीपर यास्तिका ने फुर्ती दिखायी और उनके स्टंप उखाड़ दिये। इसाक ने यूपी वारियर्स की रन गति पर लगाम कसी। यूपी वारियर्स अंतिम पांच ओवर में चार विकेट गंवाकर 26 रन ही बना सकी।

# डब्ल्यूपीएल 2023 अपने आप में है खास, बन चुके है कई रिकॉर्ड

डब्ल्यूपीएल यानी महिला प्रीमियर लीग की शुरुआत हुए 10 दिनों का समय बीत चुका है। इसके साथ ही भारत और दुनिया भर में महिला क्रिकेट का नया इतिहास लिखा जाना शुरू हो चुका है। इसके पहले ही संस्करण में कई ऐसे प्रदर्शन और पारियां सामने आई है जिन्होंने दर्शकों और क्रिकेट फैंस के दिल में जगह बना ली है। गेंदबाजों, बल्लेबाजों और फिलडिंग में भी खिलाड़ियों ने धामेकदार प्रदर्शन किया है।

बने है कई रिकॉर्ड: इस टूर्नामेंट को भले ही भारतीय सरजमीं पर खेला जा रहा है, मगर इसमें कई ऐसे रिकॉर्ड्स है जो विदेशी खिलाड़ियों में बनाए है। गेंदबाजी से लेकर इनिंग्स तक में शानदार प्रदर्शन करने में विदेशी खिलाड़ियों का दबदबा रहा है।

बेस्ट बॉलिंग: टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल की मरिजान काप ने अपने धमाकेदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। गुजरात जिएंट्स के खिलाफ 15 रन देकर 5 विकेट लेने का कारनामा करने वाली मरिजान का ये टूर्नामेंट में बेस्ट प्रदर्शन है। उन्होंने अपनी ही टीम की तारा नौरिस को पीछे छोड़ दिया है।

सबसे तेज अर्धशतक

टूर्नामेंट में धमाकेदार बल्लेबाजी करने के मामले में भी इंग्लैंड की खिलाड़ी सोफी डंकली ने बाजी मारी है। गुजरात जायंट्स की इस खिलाड़ी ने रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर में खिलाफ 18 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था। ये रिकॉर्ड सोफी ने रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की टीम के खिलाफ बनाया था।

सर्वाधिक अर्धशतक

इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाज मैग लैनिंग के नाम है। उन्होंने चार मैचों में दो अर्धशतक जड़े है। इसके साथ ही उनकी साथी शेफाली भी दो अर्धशतक लगा चुकी है।



पहला अर्धशतक: महिला प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे पहला अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाम है। उन्होंने पहले ही मुकाबले में गुजरात जायंट्स के खिलाफ 65 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी। इस टूर्नामेंट का पहला मैन ऑफ द मैच खिताब भी हरमनप्रीत कौर ने जीता था।

सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर

महिला लीग में व्यक्तिगत स्कोर में भी सर्वाधिक रन बनाए गए है। ये उपलब्धि यूपी वॉरियर्स की कप्तान एलिसा हेली ने हासिल की है। एलिसा हेली ने रॉयल चौलेंजर्स की टीम के खिलाफ 47 गेंदों में 96 रन की पारी खेली थी, जो पूरे टूर्नामेंट का सबसे शानदार स्कोर है। हेली ने अपनी पारी में 18 चौके और एक छक्का जड़ा था।

विकेट में अव्वल: टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने का कारनामा अब तक मुंबई इंडियंस की गेंदबाज साइका इशाक ने किया है। चार मैचों में स्पिन गेंदबाज ने कुल 12 विकेट झटकने में सफलता हासिल की है। उनके बाद दूसरे नंबर पर सोफी एकेस्टन का नाम है, जो सात विकेट ले चुकी है। तीसरे नंबर पर हेली मैथ्यूज हैं जिन्होंने छह विकेट अब तक टूर्नामेंट में झटके है।

सबसे बड़ा स्कोर: टूर्नामेंट में वैसे तो टीमें दमदार प्रदर्शन कर रही है। मगर टूर्नामेंट में अब तक सबसे अच्छा स्कोर दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की टीम के खिलाफ बनाया है। दिल्ली ने बैंगलोर के खिलाफ 223 रनों का स्कोर खड़ा किया है। इस मुकाबले में ताबड़तोड बैटिंग करते हुए मैग लैनिंग ने 72 और शेफाली वर्मा ने 84 रन बनाए थे।

सर्वाधिक रनों की साझेदारी

सर्वाधिक रनों की साझेदारी करने में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मैग लैनिंग और शेफाली वर्मा का नाम शामिल है। दोनों ने पहले विकेट के लिए 162 रनों की साझेदारी की थी जो कि रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की टीम के खिलाफ हुई थी। इस टूर्नामेंट की ये अब तक की सर्वाधिक रनों की पार्टनरशिप भी है। दिल्ली ने बैंगलोर को इस मैच में 60 रनों से मात दी थी।

सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड: इस टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स की स्टार बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने सबसे अधिक छक्के जड़े है। उन्होंने चार मुकाबले खेलते हुए कुल 10 छक्के लगाए है।

## शांति प्लान लिए अगले सप्ताह रूस के दौरे पर जा सकते हैं जिनपिंग, पुतिन से करेंगे मुलाकात



चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए रूस की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शी जिनपिंग अगले सप्ताह मॉस्को का दौरा कर सकते हैं। मामले से परिचित लोगों के आधार पर रॉयटर्स ने दावा किया है कि जिनपिंग , व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे और ये दौरा पहले की अपेक्षा जल्द ही होगा। बता दें कि रूस यूक्रेन युद्ध के बीच चीन की तरफ से शांति प्रस्तावक की भूमिका अदा करने की ललक इन दिनों खूब तेज हो उठी है। यात्रा की योजना को भी इस नजर से देखा जा रहा है। रूस की तास समाचार एजेंसी ने 30 जनवरी को बताया कि पुतिन ने शी को वसंत ऋतु में यात्रा के लिए आमंत्रित किया। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने पिछले महीने रिपोर्ट दी थी कि मास्को की यात्रा अप्रैल या मई की शुरुआत में हो सकती है। चीन के विदेश मंत्रालय ने तुरंत शी के मास्को जाने की संभावना पर टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया और क्रेमलिन ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। कोई अन्य विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हैं। मामले की जानकारी देने वाले सूत्रों ने इस मुद्दे की संवेदनशीलता को देखते हुए पहचाने जाने से इनकार कर दिया। चीन और रूस ने 2022 के फरवरी में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने से कुछ हफ्ते पहले ष्कोई सीमा नहींष साझेदारी की, और दोनों पक्षों ने अपने संबंधों की ताकत की पुष्टि करना जारी रखा है।

## 382 दिन से चल रहे युद्ध से दुनिया यूं ही है परेशान! ट्रंप के पास है समाधान, इस डील के जरिए 24 घंटे में करा देंगे सब खत्म

रूस यूक्रेन के युद्ध के मैदान से ताबड़तोड़ हमले की खबर तो रोज आती रही। लेकिन अब एक ऐसी खबर समाने आई है जो हैरान कर देने वाली है। दरअसल, रूस यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का चौंकाने वाला बयान सामने आया है। ट्रंप ने दावा किया है कि वो महज एक दिन में रूस यूक्रेन युद्ध को खत्म करा सकते हैं। रूस ने यूक्रेन के शहरों पर बमबारी तेज कर दी है। इन सब के बीच ट्रंप ने दावा किया है कि मैं सिर्फ 24 घंटे में रूस–यूक्रेन युद्ध खत्म करवा देता। ट्रंप ने कहा कि वो अगर अभी अमेरिका के राष्ट्रपति के पद पर होते तो 24 घंटे के अंदर रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को बातचीत के जरिए खत्म करा देते।

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को निशाने पर लिया और आरोप लगाया कि वो दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध में झोंकने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि बाइडेन रूस यूक्रेन युद्ध को तीसरे विश्व युद्ध की तरफ मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने बाइडेन की विदेश नीतियों को लेकर भी सवाल उठाए और युद्ध को लेकर चिंता जताई। इससे पहले की मैं ओवल ऑफिस पहूंचुंगा मैं यूक्रेन और रूस के विनाशकारी युद्ध को सुलझा लूंगा। जो भी दिक्कत है उसे मैं सुलझा दूंगा। मैं जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाल लूंगा। इसमें एक दिन से ज्यादा का समय नहीं लगेगा। मुझे पता है कि दोनों को क्या बोलना है। दोनों से मेरी अच्छी बनती है।

## भारत अगर कर सकता है तो हम... पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री ने आर्थिक चुनौतियों से निपटने का बताया तरीका

पाकिस्तान इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। इस



वजह से पाकिस्तान में बहस छिड़ गई है कि उनसे कहां चूक हुई कि आज भारत इतनी दूर चला गया है और तबाही के कगार पर आ गया है। अब पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अपनी जनसंख्या को नियंत्रित करने के साथ–साथ अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है। पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने "रीइमेजिनिंग पाकिस्तान" सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि भारत, बांग्लादेश और कई अन्य इस्लामी देशों में जन्म दर पाकिस्तान की तुलना में बहुत कम है।

जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता: पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री पाकिस्तान में हर साल लगभग 55 लाख बच्चे पैदा होते हैं और पाकिस्तान में जन्म दर दुनिया में सबसे ज्यादा है। मिफ्ताह इस्माइल ने कहा कि अगर पाकिस्तान की जन्म दर पिछले दस वर्षों में बांग्लादेश की जन्म दर के बराबर होती, तो पाकिस्तान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 10: अधिक होती। उन्होंने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के कारण पाकिस्तान मानव विकास सूचकांक में सबसे नीचे है। अफ्रीकी देशों से भी नीचे। पाकिस्तान को सतत और तीव्र विकास के लिए अपनी जनसंख्या का प्रबंधन करने की आवश्यकता है। शिक्षा पर दें ध्यान : पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री ने देश के विकास के लिए शिक्षा को महत्व देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में 50 फीसदी बच्चे स्कूलों में नहीं पढ़ते हैं. पाकिस्तान में सिर्फ 44 फीसदी बच्चे सेकेंडरी स्कूल जाते हैं, जबकि भारत में यह आंकड़ा 85 फीसदी है. भारत के आईआईटी का लोहा दुनिया देखती है। अब पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने भी माना है कि भारत के आईआईटी दुनिया के शीर्ष संस्थानों में शामिल हैं और उनसे पढ़े–लिखे लोग आज दुनिया की बड़ी कंपनियों के सीईओ हैं. मिफ्ताह इस्माइल ने कहा कि भारत में जहां सभी बेहतरीन विश्वविद्यालय खुल रहे हैं, वहीं पाकिस्तान में औसत युवा तीन महीने का डिप्लोमा कर रहा है. पूर्व मंत्री ने कहा कि शिक्षा में सुधार के बिना पाकिस्तान तरक्की नहीं कर सकता।

## भारत–ऑस्ट्रेलिया मैच: ड्रॉ पर खत्म हुआ अहमदाबाद टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने 2–1 से जीती बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी

बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के तहत अहमदाबाद में खेले गए चौथे टेस्ट मैच को ड्रॉ घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को भारत ने 2–1 से अपने नाम कर लिया है। इस श्रृंखला के शुरुआती दो मुकाबले भारत ने जीते थे जबकि इंदौर में ऑस्ट्रेलिया ने शानदार वापसी की थी। ऐतिहासिक अहमदाबाद टेस्ट ड्रा हुआ है। अहमदाबाद टेस्ट भारत–ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट डिप्लोमेसी के 75 साल पूरे होने के प्रतीक के रूप में भी खेला गया था। इस मैच के पहले दिन दोनों ही देशों के प्रधानमंत्री शामिल हुए थे। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर अहमदाबाद में पहली पारी में 480 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने 571 रन बनाए। इसके बाद दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की टीम 175 रन बनाकर खेल रही थी तभी दोनों कप्तानों ने आपसी सहमति से इस टेस्ट मैच को ड्रॉ कराने का निर्णय लिया।



भारत ने बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी को इस बार भी अपने नाम किया है। श्रृंखला का पहला मुकाबला नागपुर में खेला गया था जहां भारत ने ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रनों से हराया था। दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भी ऑस्ट्रेलिया को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। यह मुकाबला भी 3 दिन में खत्म हो गया था। इस मुकाबले को भारत ने 6 विकेट से जीता था। इंदौर में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने शानदार वापसी की। इंदौर में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 9 विकेट से हराया। यह मुकाबला भी 3 दिन में खत्म हुआ था। इंदौर टेस्ट में पिच को लेकर भी विवाद देखने को मिला था। हालांकि भारत के लिए अहमदाबाद टेस्ट के दौरान एक अच्छी खबर आई। भारत वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गया है।

लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाने में भारत कामयाब रहा है। भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। मैच के आखिरी दिन पिच से गेंदबाजों को मदद नहीं मिली और पहली पारी में 91 रन से पिछड़ने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम ने अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 175 रन बनाये। दोनों कप्तान जब मैच को समाप्त करने पर सहमत हुए तब लाबुशेन 63 और स्मिथ 10 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। भारत ने श्रृंखला के शुरुआती दोनों मैचों को जीता था जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इंदौर टेस्ट को जीकर वापसी की थी।

# टीम इंडिया ने रचा इतिहास, WTC फाइनल में लगातार दूसरी बार हुई एंट्री, अब ऑस्ट्रेलिया से होगी भिड़ंत

एक बड़ी खबर टीम इंडिया को लेकर आई है। दरअसल, भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप 2023 के फाइनल में जगह बना ली है। यह दूसरा मौका है जब टीम इंडिया लगातार वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप में पहुंची है। हालांकि, वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप में पहुंचने के लिए काफी हद तक अहमदाबाद में हो रहे मुकाबले पर सबकी नजर थी। लेकिन न्यूजीलैंड से टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर आ गई। दरअसल, न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को हरा दिया है। इसी के बाद टीम इंडिया ने WTC 2023 के लिए क्वालीफाई किया है। इससे पहले 2019–21 के WTC फाइनल में भी टीम इंडिया पहुंची थी। उस समय टीम इंडिया को फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था। WTC फाइनल 2023 का मुकाबला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने इंदौर में टेस्ट जीत हासिल के साथ ही फाइनल में जगह बना ली थी। अब भारत भी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुका है। WTC 2023 का फाइनल मुकाबला 7 से 11 जून के बीच लंदन के ओवल मैदान में खेला जाएगा। 12 जून का दिन इस मैच के लिए रिजर्व रखा गया है।



इंदौर टेस्ट में भारत को मिली हार से वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के टॉप 2 टीमों के लिए पूरी तरह से समीकरण बदल गया था। जहां इंदौर में जीत हासिल करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी जगह पक्की कर ली थी तो वहीं टीम इंडिया का इंतजार ज्यादा बढ़ गया था। इतना ही नहीं भारत को श्रीलंका न्यूजीलैंड मैच पर भी निर्भर होना पड़ा था। श्रीलंका को फाइनल में पहुंचने के लिए न्यूजीलैंड को 2–0 से हराना था जो कि यह काम नहीं हो सका। भारत–ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के आखिरी टेस्ट से पहले के समीकरण में श्रीलंका को डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने के लिए न्यूजीलैंड दौरे पर 2–0 से जीत दर्ज करनी थी लेकिन श्रृंखला के शुरुआती मैच में उसकी हार ने भारत की जगह पक्की कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले टेस्ट मैच को जीत कर पहले ही डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। डब्ल्यूटीसी का फाइनल सात जून से लंदन के द ओवल में खेला जायेगा। मोटेरा की पिच पर पांचवें दिन भी गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिल रही है और ऐसे में मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है।

## स्टेट भारोत्तोलन प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन से प्रतिभाग करेंगे जिले के छह खिलाड़ी

देवरिया। राज्य स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन टीम से जिले की भी दमदार प्रतिभागिता होगी। इसके अंतर्गत भारोत्तोलन में स्टेडियम के छह खिलाड़ी विभिन्न भार वर्ग में हिस्सा लेंगे। चयनित खिलाड़ी भाग लेने के लिए रवाना भी हो गए हैं। युवा कल्याण विभाग की ओर से स्टेट ग्रामीण खेल प्रतियोगिता प्रतियोगिता 13 से 15 मार्च तक नोएडा में होगी। इसमें गोरखपुर जोन की ओर से भारोत्तोलन टीम में ब्लॉक, जिला व मंडल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने के बाद कुल छह खिलाड़ियों का चयन स्टेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसमें पुरुष वर्ग में मो.नवाजिश 55 किलो, इरशाद अहमद 61 किलो, प्रियांशु जायसवाल 67 किलो, अमित शर्मा 73 किलो एवं महिला वर्ग में प्रसिद्धि यादव 49 किलो, सृष्टि त्रिपाठी 59 किलो शामिल हैं। स्टेडियम में इनके प्रशिक्षक रवि कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय ग्रामीण खेलकूद के लिए चयनित खिलाड़ी नोएडा के लिए रवाना हो चुके हैं। ब्लॉक, जिला व मंडल स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने स्टेट के लिए क्वालीफाई किया है। पूरी उम्मीद है कि गोरखपुर जोन से यह बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिले के लिए पदक जीतेंगे।

## आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

नौतनवां। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को पूर्व जिलाध्यक्ष पशुपति नाथ गुप्त के नेतृत्व में चिट फंड कंपनियों में निवेशकों का जमा धन न मिलने पर भुंडी मोहल्ले में प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि चिट फंड कंपनियों में निवेशकों का धन जमा है, जो वापस नहीं हो रहा है। केंद्र सरकार की अनुमति से ही वर्षों पूर्व ये संस्थान खुले और एजेंटों के माध्यम से धन जमा कराया गया, लेकिन अब वे रकम नहीं लौटा रहे हैं। सरकार की जिम्मेदारी है कि बंद हो चुके संस्थानों में जमा धान जमाकर्ताओं को वापस दिलाएं। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष आकाश जायसवाल, रामकुमार पटेल, गुड्डू ठाकुर, शिवकुमार चौधरी, शेराजुद्दीन अंसारी, जाहिद अली, आनंद कुमार, बृजलाल, अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

## नौ करोड़ से चौक बाजार में बनेगा स्टेडियम

महराजगंज। चौक बाजार में स्टेडियम के निर्माण को शासन स्तर से स्वीकृति मिल गई है। इसके बन जाने से जहां स्थानीय स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं वे भविष्य में राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर स्वयं, परिवार व जिले का नाम रोशन कर सकेंगे। युवाओं को शिक्षा के साथ–साथ खेल में बढ़ावा देने के लिए शासन की स्तर से पहल जारी है। चौक बाजार में भी बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जो सुविधाओं के अभाव में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इन खिलाड़ियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा कल्याण विभाग की ओर से चौक बाजार के दिग्विजयनाथ इंटर कॉलेज की भूमि पर स्टेडियम के निर्माण संबंधी प्रस्ताव को शासन को भेजा गया था। शासन की ओर से प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया गया है। लगभग नौ करोड़ की लागत से बनने वाले इस स्टेडियम में खिलाड़ियों के बेहतर अभ्यास की व्यवस्था होगी।

## शिक्षक संघ नही करेगा मूल्यांकन कार्य में सहयोग : हरिश्चन्द्र दीक्षित

कुशीनगर। बोर्ड परीक्षा के उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य मे माध्यमिक शिक्षक संघ ने सहयोग न करने का एलान किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चन्द्र दीक्षित ने शिक्षकों के समस्याओं का समय से निराकरण न होने के कारण प्रान्तीय कार्यसमिति की बैठक यह एलान किया है। माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हरिश्चन्द्र दीक्षित ने कहा कि सीटी ग्रेड वेतन क्रम के शिक्षक व शिक्षिकाओं को उत्तराखंड की भांति चयन वेतनमान एवं प्रोन्नत वेतनमान को सेवा मे जोड़ते हुए देय अवशेष का भुगतान किया जाये। उन्होंने वर्ष 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों पर नियुक्त शिक्षक – शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिये जाने, विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेन्शन का विकल्प दिये जाने के लिए शासनादेश जारी करने, निदेशालय व शासन स्तर पर लम्बित शिक्षको की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि इन मांगो को लेकर संघ शासन के जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन भी सौपेगा। अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों के लंबित समस्याओं के समाधान के लिए बोर्ड परीक्षा के उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन के बाद एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भी किया जायेगा।उन्होंने मूल्यांकन कार्य से पूर्व शिक्षकों के समस्त पारिश्रमिको का एक मुश्त भुगतान किये जाने की मांग करते हुए चेतावनी दिया कि समस्याओं का समाधान न होने की दशा मे संगठन मे आर–पार की लड़ाई लड़ने के लिए वाध्य होगा। बैठक का संचालन प्रान्तीय महामंत्री शैलेन्द्र दत्त शुक्ल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रान्तीय उपाध्यक्ष कामेश्वर पाहोय, अशोक तिवारी, आरूपी यादव योगेन्द्र नाथ शुक्ल, दिविनय सिंह, राधेश्याम मिश्र, शिव कुमार करियर जगदीश प्रसाद वर्मा, के के शर्मा, कुलदीप सिंह, राजेन्द्र कुमार करीन ने सम्बोधित किया।

## सांसद व विधायक खड्डा की उपस्थिति में एक दूसरे के हुए 186 वैवाहिक जोड़े

कुशीनगर। जनपद के खड्डा विकास खंड परिसर में रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत तहसील क्षेत्र के 186 जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद विजय दुबे और विधायक विवेकानंद पांडेय ने वर वधुओ को आशीर्वाद के साथ प्रमाण पत्र दिया। सांसद दुबे ने कहा कि देश और प्रदेश में सुशासन देखने को मिल रही है। देश के विकास के लिए महिलाओं को परिवार से लेकर समाज का प्रतिनिधित्व करना आवश्यक है, महिलाएं राष्ट्र की कुशल निर्माता हैं। सरकार ने बेटी बढ़ाओ बेटी पढ़ाओ जैसी कई कल्याणकारी योजनाओं के साथ सभी प्रमुख स्थानों पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर कार्य कर रही है। इस अवसर पर विधायक विवेकानंद पांडेय ने कहा सड़क, स्वास्थ्य के साथ सरकार बहनों के हाथ पीला करने में सर्वाधिक धान खर्च कर रही है। जनपद में इस वर्ष 3272 विवाह संपन्न हुए हैं। नव जोड़ों को पुरोहित कृष्णकांत तिवारी ने अग्नि के सात फेरों के साथ सात वचन दिलाए, संचालन शिरोमणि दुबे ने किया। इस अवसर पर एसडीएम भावना सिंह, ब्लाकप्रमुख शशांक दुबे, डीडीओ कल्पना मिश्रा, समाज कल्याण अधिकारी विपिन पांडेय, तहसीलदार दिनेश सिंह, बीडीओ विनीत यादव, संतोष तिवारी, रामानुज मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, कुणाल राव, चंद्रप्रकाश तिवारी, प्रद्युम्न तिवारी, रविन्द्र यादव, उमा गुप्ता, कोमल जायसवाल, सुभाष गौतम आदि मौजूद रहे।

# मंगला मुखी द्वारा किया गया महिलाओं का सम्मान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपना अहम योगदान देने वाली महिलाओ सशक्तिकरण बनाने के लिए मंगलामुखी जनकल्याण उत्थान संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस साप्ताहिक समारोह 8 मार्च से 15 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम में विजय चौक स्थित एक होटल परिसर में मंगलामुखी किन्नर जनकल्याण उत्थान संस्थान की ओर से गोरखपुर व आसपास के क्षेत्रों की विभिन्न सामाजिक कार्यकत्रियों, चिकित्सकों, समाजसेवियों, गृहणियों, कलाकारों को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती डा. कंचन लता पाण्डेय, पूर्व निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उ0प्र0, अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुधा मोदी समाजसेविका, विशिष्ट अतिथि पूर्वांचल की चर्चित वरिष्ठ चिकित्सक डा. मिनाक्षी गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक डा. रश्मि सिंह सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शांति भवानी वुमेन टैफेकिंग काउंसलर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंगलामुखी किन्नर जनकल्याण उत्थान संस्थान, गोरखपुर की अध्यक्ष बरखा अम्मा किन्नर (शिष्या पूर्व महापौर आशा देवी) व सचिव किरन दीदी किन्नर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि का स्वागत एवं सम्मान द्वारा माल्यार्पण करते हुए किया गया। अति विशिष्ट अतिथि का स्वागत एवं सम्मान पुष्पगुच्छ देकर किया गया। विशिष्ट अतिथि डा मीनाक्षी गुप्ता व डा0 रश्मि सिंह का स्वागत एवं सम्मान नृत्य कलाकार मिस मुस्कान गुप्ता द्वारा पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण करके किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से बैडमिंटन खिलाड़ी अर्चना यादव सुमन श्रीवास्तव, मनीषा चतुर्वेदी, सत्यभामा, बीना गौड़, शीला अग्रहरि, युवा नृत्य कलाकार मिस मुस्कान गुप्ता, लीला श्रीवास्तव, अर्चना सिंह महिला मोर्चा भाजपा, अमिता गुप्ता, अवधेश जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता रजनी राय, भारतेन्दु यादव, रेनू सिंह, अरविन्द भाई, मीडियाकर्मी दलजीत कौर, आटोचालक संगीता चौधरी, स्वर सागर संस्थान की सुनिशा श्रीवास्तव, प्ले–वे बचपन स्कूल की संचालक अर्चना पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता निशि अग्रवाल, सामाजिक कार्यकत्री व रूद्राक्षी गर्ल्स हास्टल, धर्मशाला बाजार की संचालिका बृजबाला कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता मीना कुमार व प्रियन्का दूबे सहित अनेकों लोगों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को अपने सम्बोधन में डा कंचन लता पाण्डेय, सुधा मोदी,डा मिनाक्षी गुप्ता व डा0 रश्मि सिंह द्वारा सभी महिलाओं को अपनी शक्ति की पहचान करते हुए परिवार, देश व समाज के लिए दृढसंकल्पित होकर काम करने की बात कही। गणमान्य लोगों ने कहा कि आज इक्कीसवीं सदी में महिलाएं किसी भी स्थिति में पुरूषों से कम नहीं हैं। महिलाएं अंतरिक्ष तक में जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। सभी क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति मजबूत हुई है। गणमान्य लोगां ने कहा कि नारी शक्ति से ही सृष्टि की संरचना हुई है और बिना इसके सृष्टि का संचालन संभव नहीं है। सभी ने एक स्वर में कहा कि आज परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने नव युवतियों को आह्वान करते हुए कहा कि बेटियां दो परिवारों का हिस्सा होती हैं और उन्हें दोनों ही परिवारों के बीच सामन्जस्य बनाने की बहुत बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।ऐसे में हिम्मत जुटाते हुए अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करना चाहिए। छोटी–छोटी बातों को नजर अंदाज करके ही हम एक सफल गृहणी, सामाजिक कार्यकर्ता बन सकते हैं।कार्यक्रम का समापन सरस्वती बंदना से किया गया।



# बिलकुल मत घबराइए, आपके साथ मैं हूं नाः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर में





सोमवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि बिलकुल मत घबराइए, आपके साथ मैं हूं ना। किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। उन्होंने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराएं। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। गोरखनाथ मंदिर में दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। उनकी बात इत्मीनान से सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

- **जनता की समस्याओं पर सवेदनशीलता से दें ध्यान, कराएं संतुष्टिपरक समाधान- सीएम**
- **जनता दर्शन में 400 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंती योगी आदित्यनाथ ने**

अलग–अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इलाज के लिए हर किसी को मिलेगी मदद जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले इस भरोसे से बहुत संबल मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जन स्वास्थ्य की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। बच्चों को दुलारा भी जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आये बच्चों को भी मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा। उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट के साथ खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। जनता दर्शन में लोगों से मिलने के पूर्व उन्होंने गुरु गोरखनाथ का दर्शन, पूजन करने के साथ ही अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेककर उनका आशीर्वाद लिया।

# दीर्घायु चिकित्सालय पर किया गया नेचुरोपैथी आरोग्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन

### ग्रामीण विधायक सहित प्रदेश के तमाम दिग्गज रहे उपस्थित

गोरखपुर। नेचुरोपैथी एक समग्र आयुर्विज्ञान,नेशनल इंस्टीट्यूट आफ नेचुरोपैथी, आयुष मंत्रालय भारत





सरकार एवं इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन के सौजन्य से बनारस रोड पर नौसढ गोरखपुर में नेचुरोपैथी आरोग्य एवं परामर्श शिविर व उपरोक्त विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सक एवं योग विशेषज्ञ डॉ एनएल जिज्ञासु ने बताया कि नेचुरोपैथी एक समग्र आयुर्विज्ञान है। नेचुरोपैथी के नियमानुसार जीवन शैली अपनाने से आमजन स्वस्थ रह सकते हैं एक स्वस्थ व्यक्ति यदि प्रति 6 माह में 1 बार 10 दिन के लिए नेचुरोपैथी द्वारा शरीर का शोधन करवा ले तो गंभीर बीमारियों से बच सकता है। विशिष्ट अतिथि गोरखपुर ग्रामीण विधायक विपिन सिंह ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा योग भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, निरोगी जीवन के लिए सभी को प्राकृतिक चिकित्सा अपनानी चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल योगी ने बताया कि प्रकृति स्वयं एक महान चिकित्सक है शरीर को प्राणायाम, ध्यान एवं चिकित्सीय योगाभ्यास से निरोग किया जा सकता है। योग प्रशिक्षक सर्वेश कुमार ने बताया कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के अपनाने से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रोगों से बचा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि अमरेंद्र मोहन मिश्रा ने बताया कि मानव शरीर पंचमहाभूत तत्वों से बना है इसके चिकित्सीय प्रयोग से मानव समाज को रोग मुक्त रखा जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दीर्घायु चिकित्सालय के चिकित्सा निदेशक डॉ प्रमोद कुमार मद्धेशिया ने बताया कि अधिकतम रोगों की जड़ डाइजेस्टिव सिस्टम की खराबी के कारण होता है, यह एसिडिक तत्वों के अधिकतम सेवन के कारण होता है, यदि खाने में 80 प्रतिशत क्षारीय आहार एवं 20 प्रतिशत एसिडिक आहार का सेवन किया जाए तथा नियमित चिकित्सीय योगाभ्यास किया जाए तो 90 प्रतिशत बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है। उक्त आयोजन में डॉ.ओम प्रकाश गुप्ता,डॉ. आरके यादव, डॉ खुर्शीद अख्तर, डॉ. वायुनंदन पांडे,डॉ. अभिनेश पासवान,अजय दुबे, विजेंद्र कुमार, उमेश कांत, हीरालाल,गुड्डू सहित सैकड़ों की संख्या में लोग प्रतिभाग किए।

## 12 सूत्री मांग को लेकर बिजली विभाग के संविदा कर्मियों का धरना प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला,गोरखपुर। विद्युत उपकेंद्र गोला बाजार में सोमवार विद्युत विभाग



के संविदा कर्मियों के द्वारा धरना प्रदर्शन व कार्य बहिष्कार 72 घंटों के लिए किया गया है। कर्मियों का कहना है कि अगर उनकी मांगें मान ली जाती है तो हम कार्य पर वापस चले जाएंगे। उनकी मांगे निम्नवत है। 1–संविदा कर्मियों को नियमित कर्मचारियों के बराबर वेतन 2–मृतक संविदा कर्मियों के आश्रितों को बीस लाख मुआवजा 3–संविदा कर्मियों को घायल या अपंगता की स्थिति में वेतन की व्यवस्था दिया जाय 4–प्रत्येक जिले में ए एस आई की व्यवस्था 5–सेवाकाल 55 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष किया जाए 6–5 वर्षों से अधिक कार्य कर चुके संविदा कर्मी को रिक्त पड़े पदों पर नियमित किया जाए 7–संविदा कर्मियों को विद्युत कानून के अनुसार सुरक्षा संबंधित जरूरतों को लागू करें 8–संविदा कर्मियों को पद के अनुरूप कार्य कराया जाए 9–संविदा कर्मियों को 200 यूनिट बिजली फ्री 10–संविदा कर्मियों को श्रम विभाग के निर्माण कर्मचारियों के रूप में पंजीकृत किया जाए 11–संविदा कर्मियों को बहूयामी कार्य को देखते हुए मोबाइल और आवागमन खर्च की सुविधा 12–संविदा कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश दिया जाए वह 8 घंटे से अधिक कार्य करने पर उनका वेतन भी दिया जाए। धरना में शामिल संविदा कर्मि संजय सिंह, रामप्रवेश, सुदर्शन, सोनू मौर्या, कन्हैया यादव, सुदर्शन मिश्रा, पवन कुमार, हरिओम दुबे, योगेश कुमार, किशन यादव, करम सिंह, अमन चौहान, विद्यासागर, चन्दन आदि संविदा कर्मी मौजूद थे।

## सार्ट सर्किट से दूकान में लगी आग 40 हजार का समान सहित 25 हजार नगद जल कर राख

### अभी मौके पर भेज कर दिखलवाते हैः एस डी एम गोला तहसील

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला,गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के गोला कौड़ीराम रोड़ स्थिति डड़वापार



चौराहे पर संस्कार सू सेंटर में सार्टसर्किट से सुबह लगभग 7.30 आग लग गई। जिसके चलते दूकान में एक तरफ रक्खा किमती जूता, चप्पल, प्लास्टिक के जूते, कैनवस बाल लगभग 40 हजार का समान सहित 25 हजार नगद जल कर राख हो गया। भरसी निवासी राजकुमार मिश्रा की डड़वापार चौराहे पर अनिरुद्ध दुबे की मकान के प्रथम तल पर जूता चप्पल और बच्चों के क्रिकेट खेलने का कैनवस बाल की दूकान थी। आज सुबह उनका छोटा पुत्र संस्कार मिश्रा दुकान खोलने आया। वह दूकान खोल कर निचे पानी लेने गया था। कि तभी उसे अपनी दूकान से धूआ उठता देख वह उपर भागा वहां दूकान के उत्तरी हिस्से में लगी आग देख कर संस्कार हतप्रभ हो गया और चिखने लगा। उसकी चिख सुन आस पास के दूकानदारो उसकी दूकान पर दौड़ कर पहुचे और किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन जबतक आग बूझती तबतक दूकान में रक्खा किमती जूता, चप्पल, प्लास्टिक के जूते, कैनवस बाल सहित 25 हजार नगद जो आज सामान खरीदने जाने के लिए रक्खा था। सब जल कर राख हो गया.

# घोरावल थाना अंतर्गत पेढ़ गांव पहुंचा कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

घोरावल,सोनभद्र। सोमवार को कम्युनिस्ट पार्टी और सामाजिक संगठन का प्रतिनिधिमंडल पेढ़ गांव पहुंचा और मृतक अनुराग पाल के पिता मंगल पाल व पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनके दुख दर्द को साझा किया। कम्युनिस्ट नेताओं ने पूरी घटना व मुठभेड़ की न्यायिक जांच की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में भाकपा के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा, माकपा के जिला सचिव कामरेड नंदलाल आर्या और पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम पुलिस फोर्स की मौजूदगी में पेढ़ गांव में पहुंच कर सारी स्थितियों की गहराई से अध्ययन किया और मृतक अनुराग पाल के पिता मंगल पाल और परिवार के अन्य लोगों से मुलाकात कर पुरे प्रकरण पर दुःख व्यक्त करते सहानुभूति प्रकट किया।



प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान पीड़ित परिवार ने बताया कि जो फिरौती की बात उठी है वह नहीं रहा है। यह मृतक अनुराग के पिता मंगल पाल ने सीधे नकारते हुए कहा कि पिछले वर्ष 2 दिसंबर सन् 2022 के एक एसीध्एसटी मुकदमे में आरोपी राजेश यादव मुख्य आरोपी हैं और उस मुकदमे में मैं गवाह रहा हूं। जो दुश्मनी का मुख्य कारण यही है। और आरोपी राजेश यादव द्वारा मुझे लगातार अंजाम भुगतने की धमकी दिया जाता रहा है। जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन और तहसील प्रशासन को दो माह पहले ही दिए हैं। लेकिन पूर्व और अभी बीते पिछले महीने में पुलिस और प्रशासन द्वारा मेरी अप्लीकेशन को संज्ञान में नहीं लिया गया और अनुराग के अपरहण होने के बाद छः मार्च को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। और एक आरोपी पकड़ा भी गया किन्तु पुलिस की लापरवाही के चलते मेरे पुत्र अनुराग को अपनी जान गंवानी पड़ी। इसके बावजूद भी पुलिस कहती हैं कि एफआईआर दर्ज किया गया है किन्तु मुझे एफ एफ आई आर का कापी भी नहीं मिला है। मौके पर प्रतिनिधि मंडल ने सीओ घोरावल से इस संबंध में बात किया। सीओ द्वारा स्वीकार किया गया और उन्होंने एफ आई आर की कापी उपलब्ध करानेकी बात कही। जहां प्रतिनिधिमंडल ने सारी स्थितियों को समझा और कहा कि घोरावल क्षेत्र में जमीन का कब्जा अवैध जमीनों पर कब्जा, भू माफियाओं का वर्चस्व बनता जा रहा है, इसके पूर्व उभ्भा और अब पेढ़ की घटना घटी यह स्थानीय तहसील प्रशासन और पुलिस प्रशासन की घोर लापरवाही का नतीजा है कि एक नौ वर्षीय मासूम को अपनी जान गंवानी पड़ी। और एक परिवार का चिराग बुझ गया। प्रतिनिधि मंडल ने मृतक अनुराग पाल प्रकरण पर पूरे मामले की एवं कथित मुठभेड़ की न्यायिक जांच कराने की मांग किया और पीड़ित परिवार को कम से कम पचास लाख रुपए तत्काल सहयोग राशि दिया जाए। आरोपियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर फांसी की सजा दी जाय। पीड़ित परिवार को तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाय।

# शादी कराने के बहाने युवती को बेचने का प्रयास दम्पति समेत तीन गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। 12 मार्च को सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी मिली कि राजस्थान प्रान्त से लड़का आकर जनपद सोनभद्र के राबर्टसगंज में स्थित दंडित बाबा मंदिर पर शादी कर रहा है जिसमें लड़की नाबालिग है जिसकी सूचना पर जिला प्रोवेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार के निर्देश के क्रम में थाना मानव तस्करी रोधी इकाई, महिला थानाध्यक्ष व महिला कल्याण विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर पुछ ताछ किया गया जिसमें पता चला कि 2 लाख रुपये में बिचौलिये के माध्यम से भीलवाड़ा जहाजपुर राजस्थान के रहने वाले निवासी के साथ आज शादी किया जा रहा था जिसमें बालिका प्रथम दृष्टया नाबालिग प्रतीत हो रही थी जिसके कारण दोनों



पक्षों को महिला थाने ले जाया गया जहाँ पर लड़के के पिता बजरंग लाल द्वारा बताया गया कि विष्णु प्रकाश शर्मा निवासी नसौराबाद राजस्थान द्वारा हमारे लड़के सुनील की शादी के लिये 1 लाख 80 हजार रूपये में तय हुआ था जिसमें विचौलिये द्वारा यहाँ के लड़की का फोटो दिखाया और यहाँ के बिचौलिया गीता व संजय निवासी बरकरा सोनभद्र से बात भी करवाया और फिर हम व हमारे लड़के सुनील कुमार व विष्णु तीनों लोग गीता व संजय के घर नौ मार्च को आये और गीता व संजय को 1 लाख रुपये व विष्णु को 80 हजार रूपये दिये जिसके बाद शादी हो रही थी तभी संयुक्त टीम पहुँच गयी और हम लोगों को थाने ले आयी। संयुक्त टीम में महिला थानाध्यक्ष रावर्टसगंज सरोजमा सिंह, थाना मानव तस्करी रोधी इकाई सोनभद्र से उप निरीक्षक हरिदत्त पाण्डेय व मुख्य आरक्षी धनञ्जय यादव, जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, महिला शक्ति केन्द्र से जिला समन्वय साधना मिश्रा, वन स्टाप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह के द्वारा जाँच में मौके पर बिचौलिया गीता व संजय के पास से 50 हजार रूपया व विष्णु प्रकाश शर्मा के पास से 10 हजार रूपया बरामद किया गया और बालिका के उम्र के सम्बन्ध में पाया गया कि बालिका बालिग है परन्तु बिचौलियों द्वारा पैसा लेकर दोनों पक्षों को अन्धेरे में रखकर शादी करवाया जा रहा था जिसके लिये टीम द्वारा विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाने के लिए थाना कोतवाली ले जाया गया।

## 15 किग्रा 850 ग्राम गाजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

क्रमा,सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डा, यशबीर सिंह द्वारा नशे के



बिरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी घोरावल के पर्यवेक्षण में सोमवार को करमा पुलिस व एस ओजी द्वारा सुधीर सिंह पुत्र गणेश सिंह निवासी कुशी कैथी को 15 किग्रा 850 ग्राम गाजा के साथ गिरफ्तार किया गया जिसकी अनुमानित किमत लगभग 1 लाख पचास हजार एक मोटर साइकिल भी बरामद की गयी गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह एस ओ जी प्रभारी शेष नाथ पाल बरिष्ठ उपनिरीक्षक बिमलेश सिंह उपनिरीक्षक राजेन्द्र दूबे का, जगदीश मौर्य, अतुल सिंह अमर सिंह, सतीश सिंह, रितेश पटेल, अजीत यादव, प्रेम प्रकाश, सौरभ राय प्रकाश सिंह अमित सिंह मनीराम रहे।

# सिरौली थाना क्षेत्र में गला काटकर युवक की निर्मम हत्या





दैनिक बुद्ध का सन्देश

बरेली,सिरौली। बता दे सिरौली थाना क्षेत्र गांव धनोरा गोरी में 7 मार्च को 25 वर्षीय सौरभ पुरी पुत्र ओमकार पुरी अपने खेत की रखवाली करने खेत पर गया हुआ था तभी से वह अपने खेत से वापस नहीं लौटा जिसकी गुमशुदगी थाना सिरौली में 8 मार्च को दर्ज कराई गई थी आज सुबह जब गांव के लोग अपने खेतों पर गए तो यह गेहूं के खेत में एक बिना सिर के सब पड़ा दिखाई दिया तभी यह सूचना गांव में आग की तरह फैल गई जिस पर गांव के लोग जंगल की ओर दौड़ पड़े तभी 25 वर्षीय सौरभ पुरी के परिजनों ने सब की शिनाख्त 25 वर्षीय सौरभ पुरी के रूप में हुई है 25 वर्षीय सौरभ पुरी की शादी 7 साल पहले पूर्वी फतेहगंज से हुई थी बताया जाता है सौरभ पुरी के एक लड़का राघव एक लड़की जिसका नाम कामनी। पत्नी का नाम ज्योति है। सूचना पर थाना सिरौली पुलिस फोर्स भी घटनास्थल पर पहुंच गई जिसमेंक्षेत्राधिकारी आंवला दीपशिखा भी घटनास्थल पर पहुंची जिसमें बताया गया आंवला क्षेत्र के पांचो थानों की पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने काफी देर तक जांच पड़ताल की लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा तभी फॉरेंसिक टीम एवं स्क्वायर डॉग भी बुलाई गई जिससे जांच कराई गई है उधर एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने बताया की घटना को कहीं और अंजाम दिया गया है यहां पर कहीं दूर से लाकर सब डाल दिया गया है और फिलहाल मामले की जांच की जा रही है जल्द ही पूरे मामले को पर्दाफाश किया जाएगा।

## भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त, बिजय यादव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष विजय



यादव ने बताया कि जनपद सोनभद्र में 2 हफ्ते के अंदर दो हत्या कर दी गई स इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है स इस सरकार में अपराधियों का अत्याचार चरम सीमा पर है स भाजपा सरकार में अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं और पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है स होली के दिन रावटसगंज नगर के कृष केशरी की अपराधियों द्वारा लाठी–डंडे से पीट–पीटकर बीच चौराहे पर हत्या कर दी गई स इसी तरह दो दिन पहले घोरावल के पेड़ गांव के अनुराग पाल मासूम बच्चे की भी अपराधियों द्वारा इसी तरह हत्या कर दी गई जिससे पूरे जनपद में दहशत फैला हुआ है यादव ने बताया कि भाजपा के लोग कहते हैं कि केवल समाजवादी सरकार में अपराधियों का बोलबाला था लेकिन इन हत्याओं से साफ जाहिर होता है कि भाजपा सरकार में अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं विजय यादव ने कहा कि जिला प्रशासन से हमारी मांग है कि जिला प्रशासन दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें जिससे अपराधियों के बीच दहशत फैल सके यादव ने कहा कि जिला प्रशासन निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दे स समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय यादव ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ शोकाकुल परिवार के घर जाकर उनसे मिला और लोगों को आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अवश्य होगी।


**बुद्ध का संदेश**
**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
**स्व. के.सी. शर्मा**

सम्पादक
**राजेश कुमार शर्मा**



9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com



इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

## वन पर्यावरण एवं जंतु विभाग राज्य मंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। लोलपुर बाईपास पर उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री वन पर्यावरण एवं जंतु विभाग का स्वागत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया जिसमें मुख्य रुप से नागेंद्र श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री कायस्थ महासभा अरविंद श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष रणजीत श्रीवास्तव पर्यावरण समिति सदस्य आनंद श्रीवास्तव प्रिंस पूर्व मंडल कोषाध्यक्ष रिशु श्रीवास्तव प्रधान बालापुर अनुराग श्रीवास्तव मंडल उपाध्यक्ष शेखर श्रीवास्तव अमरजीत श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## किसान यूनियन ने उप जिलाधिकारी मनकापुर को सौंपा 20 सूत्रीय ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोण्डा। विकास खण्ड बभनजोत के प्रांगण मे सात



दिनों से चल रहे भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने मंडल अध्यक्ष की नेतृत्व मे समस्याओं को लेकर अपनी बीस सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी मनकापुर को सौपा सौपे गए ज्ञापन मे ग्राम सभा दौलत पुर ग्रांट के प्रधान प्रतिनिधि गोमती यादव के द्वारा संगठन के सम्मान टोपी व संगठन को भद्दी भद्दी गाली देने के संबंध मे मुकदमा दर्ज किया जाय, लेखपाल गिरीश चंद्र श्रीवास्तव को विकास खण्ड बभनजोत से अलग स्थानतरण किया जाए छुटटा जानवर को पकड़वाकर अभ्यान मे डाला जाय, ग्रामसभा रसूल पुर खान मे तालाब का पानी खोड़ारे हेतु होते हुए विसुही नदी मे गिरता था नाले की सफाई व्यवस्था की जाय, गौरा चौकी से गिन्नी नगर तक बिजली के जर्जर तार को बदलवाया जाय सहित अन्य समस्याएं सम्मलित है इस अवसर पर पहुँचे उपजिलाधिकारी मनकापुर आकाश सिंह के समस्याओं के निस्तारण के आश्वासन पर पदाधिकारियों द्वारा धरना को स्थगित करने का एलान किया गया इस अवसर पर कनिक राम मौर्या, किसन विहारी वर्मा पृथ्वी राज चौहान, सहित अधिकांश पदाधिकारी गण एवं संगठन के सदस्य तथा प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे सुरेश कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया झण्डा जुलूस का भ्रमण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। सोमवार को पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर जनपद मीरजापुर, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस



अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी द्वारा मंगलवार को होने वाले महाबीरी झण्डा जुलूस के दृष्टिगत जुलूस को सकुशल संपन्न कराने हेतु जुलूस निकलने वाले रास्ते अनपरा बाजार से राजपूत एण्ड सन्स, नूरिया मोहल्ला, डीह बाबा अनपरा बाजार, एटीपी कॉलोनी होते हुए शिवमंदिर से हाथी पार्क, काशीमोड़, औडी मोड़, लैंको कॉलोनी गेट, रेनूसागर मोड, कोलगेट, विड़ला मार्केट, जीएम ऑफिस, रेनूसागर चौकी राम मंदिर होते हुए रूट व्यवस्था का निरीक्षण किया गया व जुलूस ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ करते हुये जुलूस के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता एवं कमेटी के सदस्य व मीडिया के लोगों के साथ मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान थानाध्यक्ष अनपरा सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# हटाना चाहते हैं आंखों से चश्मा, इन 10 उपायों से तेज होगी आपकी नजरें

आंखें हमारे शरीर के सबसे अहम हिस्सों में से एक है और इसका केयर करना भी बेहद जरूरी है। लेकिन आजकल देखने को मिल रहा हैं कि बच्चे हों या बड़े सभी की आंखों पर नजर का चश्मा लगता जा रहा हैं। प्रदूषण, टीवी, कंप्यूटर और मोबाइल से निकलने वाली किरणों और पोषण की कमी आदि नजर कमजोर होने के कुछ कारण हो सकते हैं। आंखों की रोशनी कम होने की वजह से सिरदर्द और आंखों से पानी निकले जैसी समस्याएं होने लगती हैं। अगर वक्त रहते अपनी दृष्टि और इसमें परेशानी के कारणों पर ध्यान नहीं दिया जाता है तो चश्मा चढने या इसके नंबर बढने की स्थिति आ जाती है। अगर आप चाहते हैं कि आंखों की रोशनी को बढ़ाया जाए और चश्मा हटाया जाए, तो यहां बताए जा रहे उपायों को आजमा सकते हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में.. पेंसिल से एक्सरसाइजः पेंसिल को हाथ में सीधा खड़ा करके पकड़ें। फिर उसे धीरे–धीरे अपनी आंखों के सामने लाएं और फिर दूर ले जाएं। इस तरीके को रोजाना दिन में 5 से 10 बार आजमाएं। आंखों की रोशनी को बढ़ाने के लिए यह बेहद कारगर तरीका माना जाता है।

हथेलियों की मालिशः आंखों से स्ट्रेस दूर करने के लिए अपनी दोनों हथेलियों को आपस में रगडकर गर्मी पैदा करें। फिर आंखे बंद करके हथेलियों को आंखों पर रखें। इस दौरान इस बात का खास ख्याल रखें कि आंखों पर हाथ रखते पर रोशनी बिल्कुल ना आएं। दिन में ऐसा 3–4 बार करें।



सन स्विंगिंगः सूरज की ओर आंख कर उसे बंद कर लिजिए और अपने शरीर को एक साइड से दूसरी साइड तक स्विंग कीजिए। पांच मिनट तक ऐसा करें। इससे आई बॉल की मसाज होती है।

पलकों को जल्दी–जल्दी झपकाएंः आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए पलकों को 20 से 25 बार जल्दी–जल्दी झपकाएं। आंखों की इस एक्सरसाइज को दिन में एक बार जरूर आजमाएं। ज्यादातर लोग फोन और कंप्यूटर चलाते समय अपनी पलकों को कम झपकाते हैं, जिसकी वजह से आंखों की रोशनी कम होती चली जाती है। पलक झपकाने से आंखों की रोशनी बढ़ती है।

गाजर का जूसः गाजर में कई तरह के विटामिन्स होते है, ये सभी प्रकार के तत्व आंखों को सही रखने मे कारगर होते हैं, इसलिए इस सब्जी का जूस पीना आंखों के लिए लाभकारी होता है। कोशिश करें की आप इस जूस को नियमित रूप से पीते रहें।

बादाम, सौंफ और मिश्री का पाउडरः बादाम, सौंफ और मिश्री को सामान मात्रा में मिलाकर पाउडर बना लें। रोजाना रात को सोने से पहले 250 मिलि दूध में 10 ग्राम तैयार मिश्रण मिलाएं और सेवन करें। इससे आंखों की रोशनी बढ़ती हैं।

त्रिफलाः कई हजारों सालों से त्रिफला को कई बीमारियों के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें विटामिन ए होने के कारण यह आंखों में होने वाली जलन को रोकता है। त्रिफला कॉर्नियल डायस्ट्रोफिस, कंजंक्टिवाइटिस, आंखों की रोशनी जाना और उम्र के कारण आंखों के कमजोर होने जैसी परिस्थितियों में मदद करता है। एक गिलास गुनगुने पानी में एक बड़ी चम्मच त्रिफला चूर्ण मिलाएं और पानी को ठंडा होने दें। इसे रात भर पड़ा रहने दें और इस पानी से सुबह अपनी आंखें धो लें। इसे सिर्फ एक महीने और प्रति दिन में एक बार ही इस्तेमाल करें।

आंवलाः विटामिन सी की अधिकता वाला यह पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट आंखों के लिए काफी अच्छा है। यह रेटिना सेल्स के काम करने के तरीके में भी सुधार करता है और स्वस्थ कोशिकाओं को बढ़ावा देता है। पानी में 2 से 4 चम्मच आंवलें का पाउडर और शहद मिला लें। इसे कुछ महीनों तक रोजाना दो बार पीएं। धनिया की आई ड्रॉपः तीन भाग धनिया के साथ एक भाग चीनी मिक्स करें। दोनों को पीसकर पेस्ट बना लें। फिर इसे पानी में गर्म करें और एक घंटे के लिए कवर करके रख दें। फिर एक साफ कॉटन का कपड़ा लेकर इस मिश्रण को छान लें और आंखों में आई ड्रॉप की तरह इस्तेमाल करें।

गुलाब जलः गुलाब जल आंखों को ठंडक देने का कार्य करता है और इसको आंखों में डालने से आंखों की रोशनी बनी रहती है और कम भी नहीं होती है। इसलिए अगर आपको चश्मा चढ़ा हुआ है तो आप हफ्ते में दो बार गुलाब जल इनमें जरूर डालें। हालांकि गुलाब जल आंखों में डालने से पहले ये सुनिश्चित कर लें, कि ये आपकी आंखों को सूट करता हो और जो जल आप डाल रहे हैं वो सही क्वालिटी का हो।

## ओपन बटन शर्ट में जिनल जोशी ने दिए सेक्सी पोज, हॉट तस्वीरों ने इंटरनेट पर लगाई आग

एक्ट्रेस जिनल जोशी ने हाल ही में अपनी फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस आए दिन अपनी



हॉटनेस से सोशल मीडिया पर अदाकारा सिर्फ अपनी एक्टिंग से ही नहीं बल्कि अपनी बोल्ड तस्वीरों से भी फैंस को अपना कायल कर देती हैं। मराठी एक्ट्रेस जिनल जोशी आए दिन अपनी बोल्ड अदाओं से बॉलीवुड की एक्ट्रेस को भी टक्कर देती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने ओपन बटन चेक शर्ट और शॉर्ट्स पहना हुआ है जिसमें वो बेहद ही सेक्सी नजर आ रही हैं। जिनल जोशी आए दिन अपनी तस्वीरों से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने ब्रा पहने हुए अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए फोटोशूट करवाया है। एक्ट्रेस जिनल जोशी इन तस्वीरों में काफी सिजलिंग और हॉट लग रही है। ओपन हेयर और नो मेकअप लुक में अदाकारा बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। बता दें कि अभिनेत्री जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर प्यार बरसाते हैं।






## दो साल बाद तेरे इश्क में घायल से प्रिया बठीजा की टीवी पर वापसी



अभिनेत्री प्रिया बठीजा, जिन्हें आखिरी बार एकता कपूर की डायन में डायन का किरदार निभाते हुए देखा गया था, अब तेरे इश्क में घायल शो में एंट्री करने के लिए तैयार हैं। एक्ट्रेस दो साल बाद टीवी पर वापसी कर रही हैं। उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट के बारे में बात की और साझा किया कि शो को क्या दिलचस्प बनाता है। अपने ट्रैक और शो पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहारू कहानी अनूठी है। मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूं। मैं अभी अपने किरदार के बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकती। यह किरदार शो में बहुत अधिक वेल्यू जोडने के लिए है। और, जाहिर है, इसमें बहुत सारे मोड़ हैं और बहुत सारी भावनाएं जुड़ी हुई हैं। एक बार जब हम चरित्र में डूब जाते हैं, जिसमें थोड़ा समय लगता है, तो हमें तुलना करने का मौका मिलता है कि हम अपने जीवन के क्षणों या स्थितियों से, या चरित्र के साथ या □श्य से कितना संबंधित हो सकते हैं। इसलिए मैं इसका इंतजार कर रही हूं। उन्होंने कहा कि थ्रिलर दर्शकों के बीच पसंदीदा हैं। भारत में हमारे पास हर चीज के लिए दर्शक हैं। मुझे लगता है कि थ्रिलर और रहस्य हर आयु वर्ग के लोग देखना पसंद करते हैं। ख्वाहिश, कसम से, बसेरा, हम फिर मिलेंगे, हॉन्टेड नाइट्स, फियर फाइल्स, एक बूंद इश्क, सीआईडी जैसे टीवी शो में अलग–अलग किरदार निभाने के बाद , प्रिया पीछे मुड़कर देखती हैं और बताती हैं कि उनके द्वारा निभाया गया कौन सा किरदार अभी भी उनके दिल के सबसे करीब है। अपनी पसंदीदा भूमिकाओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, एक अभिनेत्री के रूप में, मैं मजबूत किरदार निभाने की तलाश में हूं। हालांकि सभी भूमिकाएं मेरे दिल के करीब हैं, क्योंकि वह बहुत अलग हैं, मैंने बहुत मेहनत की है। वे भी अलग दिखते हैं। लेकिन अगर मुझे चुनना है तो मैं ख्वाहिश कहूंगी क्योंकि यह मेरा पहला शो था और मैंने बहुत मेहनत की थी। मुझे सूर्यपुत्र कर्ण में कुंती की भूमिका और कसम से भी पसंद आया। लोग आज भी मुझे कुंती माता के रूप में पहचानते हैं। मेरा मतलब है, वह अपने आप में एक उपलब्धि ा की तरह थी, आप कह सकते हैं कि लोग अभी भी इंस्टाग्राम पर मुझे संदेश देते हैं। मैंने उस चरित्र के साथ प्रभाव डालना सुनिश्चित किया। इसलिए लोग अभी भी मुझे उस चरित्र के साथ लेबल करते हैं। शो में करण कुंद्रा, गश्मीर महाजनी और रीम शेख मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। यह दो भाइयों, अरमान और वीर की कहानी है, जिसे गशमीर और करण ने निभाया है। वह भेडिये हैं और रीम द्वारा निभाई गई उसी लड़की ईशा के प्यार में पड़ जाते हैं।

## ग्वालियर ब्यॉय कार्तिक आर्यन पहुंचे न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन पहली बार न्यूयॉर्क पहुंचे और यहां तक कि टाइम्स स्क्वायर पर भी नजर आए। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर बिग एप्पल में जाने की अपनी एक तस्वीर साझा



की। क्लिप में, प्रशंसकों का एक समूह कार्तिक का अभिवादन करते हुए और यहां तक कि उन पर फिल्माए गए गानों के हुकस्टेप्स करते हुए भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने कैप्शन दियारू न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर पर ग्वालियर बॉय, सभी प्रशंसकों को मुझे इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद और शहर में मेरी पहली यात्रा को यादगार बना दिया। यू हैव माई हार्ट। काम के मोर्चे पर कार्तिक, जिन्हें हाल ही में शहजादा में देखा गया, अगली बार सत्य प्रेम की कथा और भूल भुलैया की तीसरी किस्त सहित कई फिल्मों में दिखाई देंगे। उनके पास आशिकी 3 और कबीर खान की अनटाइटल्ड अगली फिल्म भी है।

## कहीं आपको भी तो नहीं है बेवजह अंगुलियां चटकाने की आदत



अक्सर महिलाएं  शौक या मामूली आदत मानते हुए घर पर या फिर ऑफिस में बैठे–बैठे या कुछ लिखते समय उंगलियां चटकाती है । भले ही उंगुलियों के चटकने के बाद हाथों को काफी आराम मिलता है, लेकिन क्या आप जानती हैं कि आपका ये शौक आपको गंभीर बीमारी का शिकार बना सकता है। इस आदत कोई किसी को सिखाता भी नहीं है। तो ऐसे में सवाल उठता है कि ये आदत कैसे पड़ती है? दरअसल उंगलियों को चटकाने से जोड़ों के आस–पास की मसल्स और हाथों को आराम मिलता है। इसलिए ज्यादातर महिलाएं लिखते–पढ़ते या ऑफिस व अन्य जगह में बैठे–बैठे ही उंगलियां चटकाने लगती हैं, क्योंकि ऐसा करने से उन्हें आराम मिल जाता है।

ध्यान देने वाली बात ये है की उंगलिया चटकने से ये सभी नुक्सान हो सकते है जैसे की उंगलियों को चटकाने से हड्डियों बुरा प्रभाव पड़ता है। हाथ, पैर की उंगलियां चटकाने से काम करने की क्षमता कमजोर होती है। इसलिए उंगलियां चटकाने की आदत को छोडना होगा। उंगलियों के जोड़ और घुटने के जोड़ों में सिनोवियल फ्लूइड लिक्विड पाया जाता है। यह लिक्विड हड्डियों को जोडने में मददगार है। यह लिक्विड हमारी हड्डियों के जोड़ों में ग्रीस का काम करता है। यह लिक्विड हड्डियों को एक दूसरे से रगड़ खाने से रोकता है।  उस लिक्विड में मौजूद गैस जैसे कार्बन डाई ऑक्साइड नई जगह बनाती जिससे हड्डियों मे बुलबुले बन जाते हैं। जब उंगलियों को चटकाते हैं तो वही बुलबुले फूटते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि उंगलियों के बार–बार चटकाने से सिनोवियल फ्लूइड लिक्विड कम होने लगता है। सिनोवियल फ्लूइड लिक्विड के खध्त्म होने से अर्थराइटिस हो सकता है और जोड़ों को बार–बार खींचने से हड्डियों की पकड़ भी कम हो सकती है। इसलिए उंगलियां चटकाने से बचे।उंगलियां चटकाने से हाथ में सॉफ्ट टिश्यूज में सूजन आ सकती है। लंबे समय से उंगलियां चटकाने का बुरा असर पड़ सकता है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी ने इस पर रिसर्च करके बताया है कि इस तरह से उंगलियों को चटकाने से हड्डियां कमजोर होती हैं।